दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

चित्रगुप्त प्रकटोत्सव आज | त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-71 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 23 अप्रैल 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना



### आई-पीएसी मामला

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मुख्यमंत्री जांच में हस्तक्षेप कर लोकतंत्र खतरे में नहीं डाल सकता




नईदिल्ली (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से जुड़ी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई है। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि एक मुख्यमंत्री इस तरह के कार्यों से लोकतंत्र को नुकसान नहीं पहुंचा सकता। कोर्ट ने कहा, राज्य का मुख्यमंत्री जांच के बीच में आकर लोकतंत्र को खतरे में नहीं डाल सकता और यह नहीं कह सकता कि इसे राज्य और केंद्र के बीच का विवाद न बनाएं।कोर्ट ने कहा, यह अपने आप में एक ऐसा कृत्य है जो मुख्यमंत्री द्वारा पूरे लोकतंत्र को खतरे में डालने के लिए किया गया है। आपने हमें सीरवाई और अंबेडकर के बारे में बताया, लेकिन उनमें से किसी ने भी इस देश में ऐसी स्थिति की कल्पना नहीं की होगी कि एक दिन कोई मौजूदा मुख्यमंत्री ऐसा करेगा। कोर्ट इस दलील से भी सहमत नहीं हुआ कि अनुच्छेद 32 से जुड़े प्रश्नों का निर्णय एक बड़ी पीठ द्वारा किया जाए।

कोर्ट ने कहा कि वह पश्चिम बंगाल की जमीनी हकीकतों से आंखें नहीं मूंद सकता। कोर्ट ने कहा, जिस दूसरी पीठ के समक्ष एफआईआर का मामला विचाराधीन है, वहां हमने देखा है कि कई न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाकर रखा गया था। हम वास्तविकता से आंखें नहीं मूंद सकते। हम राज्य में मौजूद व्यावहारिक स्थिति को नजरअंदाज नहीं कर सकते। हमें टिप्पणियां करने के लिए विवश न करें। यह एक असाधारण स्थिति है जहां परिस्थितियां पूरी तरह से भिन्न हैं।

ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने और मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिका की वैधता पर सवाल उठाया है। उन्होंने तर्क दिया कि ईडी एक सरकारी विभाग है, इसलिए वह मौलिक अधिकारों का दावा करते हुए अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकती।दरअसल, इसी साल 8 जनवरी को ईडी ने कोयला तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आई-पीएसी के ठिकानों पर छापा मारा था। इस दौरान ममता कई पुलिसकर्मियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आई-पीएसी के कार्यालय और संस्थापक प्रतीक जैन के आवास पर पहुंच गई थीं।

### पहलगाम हमला

## हजारों लोगों से पूछताछ, सैंकड़ों पन्नों का आरोप पत्र; एनआईए जांच की पूरी कहानी

श्रीनगर,(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को एक साल हो गया है। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान गई थी। इस हमले की जांच का दायरा स्थानीय स्तर से शुरू होकर सीमा पार तक पहुंच गया है। भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए मामले की जांच में जुटी है, जिसने हमले में लश्कर और उसके सहयोगी संगठनों की भूमिका को लेकर सबूत दिए हैं।

गृह मंत्रालय के आदेश पर 27 अप्रैल को एनआईए ने आधिकारिक तौर पर जांच अपने हाथ में ली थी। हालांकि, इससे पहले ही एनआईए की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई थी और सबूत जुटाने में लगी थी। एनआईए ने बैसरन घाटी में घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच और डिजिटल मैपिंग कराई। खून से सने कपड़ों और धब्बों की डीएनए जांच कराई गई। मौके पर पड़े खाली कारतूसों को जब्त किया गया और मोबाइल डेटा की जांच की गई।एनआईए ने इस हमले में मारे गए लोगों के परिजनों, खच्चर वाले, फोटोग्राफर, दुकानदार, होटल वाले और स्थानीय लोगों समेत 3,000 से ज्यादा लोगों से 1,000 घंटे से ज्यादा पूछताछ की।

## किसानों को ग्रामीण क्षेत्र की कृषि भूमि के भूअर्जन पर मिलेगा बाजार दर का 4 गुना मुआवजा

### मुख्यमंत्री डॉ.यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए कृषि भूमि के भूअर्जन पर गुणन कारक (मल्टीफिकेशन फैक्टर) को दोगुना करते हुए 2.0 कर दिया गया है। इससे अब अधिग्रहित कृषि भूमि का मुआवजा किसानों को दोगुना के स्थान पर बाजार दर से 4 गुना प्राप्त होगा। यह निर्णय संपूर्ण प्रदेश की ग्रामीण क्षेत्र की कृषि भूमि के अधिग्रहण पर लागू होगा। मंत्रि-परिषद ने नगरीय सीमा में मुआवजा गुणन कारक को यथावत एक रखा गया है। मंत्रि-परिषद ने इसके साथ सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क जैसे अधोसंरचना निर्माण तथा विकास के कार्यों के लिए लगभग 33 हजार 985 करोड़ रूपये की स्वीकृति भी दी है।भू-अर्जन पर बाजार दर का 4 गुना मुआवजा मिलने से किसानों को होगा जबरदस्त फायदा मंत्रि-परिषद ने किसानों के हित में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए मध्यप्रदेश भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम 2015 % के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के लिए गुणन कारक (Multiplication Factor) को बढ़ाकर 2.0 कर दिया गया है, जिससे किसानों को अब उनकी कृषि भूमि का बाजार दर से 4 गुना मुआवजा मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस निर्णय से सिंचाई परियोजनाओं, सड़क, पुल, रेलवे और बांध निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अधिग्रहित की जाने वाली कृषि भूमि पर किसानों को अधिक राशि मिल सकेगी। इससे न केवल विकास कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि भूमि देने वाले किसान परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी व्यापक सुधार होगा।

उल्लेखनीय है कि इस संबंध में मंत्री तुलसीराम सिलावट, राकेश सिंह और चेतन्य कुमार काश्यप की उप-समिति ने अनुशंसा की थीं। उप-समिति ने अन्य राज्यों की नीतियों का अध्ययन करने के साथ ही विभिन्न किसान संगठन क्रेडाई,सीआईआई और फिक्की से चर्चा के बाद यह रिपोर्ट तैयार की थी। सरकार के इस पारदर्शी और किसान-हितैषी निर्णय से प्रदेश के हजारों परिवारों को सीधा लाभ पहुँचेगा।मंत्रि-परिषद द्वारा उज्जैन जिले की इन्दौख- रुदाहेड़ा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की लागत राशि 157 करोड़ 14 लाख रूपये, सैंच्य क्षेत्र 10,800 हेक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। परियोजना से झारड़ा तहसील के 35 ग्रामों को सिंचाई सुविधा का लाभ होगा।

## प्लॉट के नाम पर किसान से ठगी

भोपाल(आरएनएस)। किसान से प्लॉट का अनुबंध करने के बाद 9 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पैसे लेकर भी जब तीन साल तक रजिस्ट्री नहीं कराई गई तो मामले की शिकायत पुलिस को की गई। जिसके बाद थाने पहुंचे किसान ने शिकायती आवेदन पुलिस को दिया। जांच के बाद बुधवार को पुलिस ने एफ्आईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।हबीबगंज पुलिस ने बताया कि हेमराज चौकसे पिता नारायण सिंह (40) बिलखिरिया में रहते हैं तथा खेती किसानी करते हैं। तीन साल पहले उन्होंने चौकसे नगर स्थित एक प्लॉट का सौदा शहदेव साहू से किया था। प्रॉपर्टी डीलर सुमित कुम्हरे ने यह सौदा कराया था। इसके एवज में उसने 50 हजार रुपए लिए। वर्ष 2023 में दोनों पक्षों के बीच 6 नंबर स्टॉप स्थित एक नोटरी के दुकान पर उनका अनुबंध हुआ। इसी अनुबंध के तहत हेमराज ने 9 लाख रुपए दे दिए।शहदेव ने कुछ ही दिनों में रजिस्ट्री कराने की बात कही थी। बाद में हेमराज जब भी रजिस्ट्री कराने की बात कहते तो शहदेव कोई न कोई बहाना बनाकर बात को टाल देता था। कई महीने बीत जाने के बाद भी जब उसने रजिस्ट्री नहीं कराई तो मामले में शिकायत थाने में कर दी गई।

## विदेशी अपराधियों को भेजी जा रही थी भारतीयों की जानकारियां, चार गिरफ्तार



मुजफ्फरपुर (आरएनएस)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले की पुलिस ने एक अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो आम भारतीय नागरिकों की निजी जानकारियां विदेशी अपराधियों को बेच रहा था। इस मामले में पुलिस ने यूपी और बिहार के चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस का दावा है कि इस गिरोह में अन्य कई लोग भी शामिल हो सकते हैं। आरोप है कि इस गिरोह में शामिल लोग अत्याधुनिक तकनीकी उपकरणों, फर्जी एपीआई और टेलीग्राम बॉट्स का सहारा लेकर लोगों की गोपनीयता भंग करते हुए उनके निजी जानकारियों को शेयर करते थे।

मुजफ्फरपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने बुधवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि अहियापुर थाना क्षेत्र के ऋषभ कुमार अवैध तरीके से एपीआई बनाकर डेटा बेच रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर साइबर डीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। इसमें बिहार एसटीएफ, जिला आसूचना इकाई और साइबर थाना की तकनीकी टीम को शामिल किया गया।पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ऋषभ कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके तीन अन्य सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया, जो इस नेटवर्क से जुड़े थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों में अहियापुर निवासी ऋषभ कुमार के अलावा गाजीपुर (यूपी) का दीपक चौधरी उर्फ आशु कुमार, दरभंगा का सुधांशु कुमार और मुजफ्फरपुर के हथौड़ी का साहिल कुमार शामिल हैं। एसएसपी मिश्रा ने बताया कि जांच में जो तथ्य अब तक सामने आए हैं, उसके मुताबिक, ये लोग फर्जी सिम कार्ड और टेलीग्राम बॉट्स का इस्तेमाल करते थे।

## बंगाल और तमिलनाडु चुनाव से पहले आयोग का आदेश, ईवीएम पर स्याही-इत्र या गोंद लगाना अपराध

नईदिल्ली (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव शुरू होने से पहले चुनाव आयोग ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। उसने चेतावनी दी है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बटनों पर इत्र, स्याही, गोंद या रसायनिक पदार्थों का प्रयोग करने का प्रयास छेड़छाड़ माना जाएगा, जो एक गंभीर चुनावी अपराध होगा। आयोग ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर पीठासीन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे मतदान से पहले और मतदान के दौरान ईवीएम मतपत्र इकाइयों का पूरी तरह निरीक्षण करें। चुनाव आयोग ने आदेश दिए हैं कि अगर किसी प्रकार की शरारत का पता चलता है, तो पीठासीन अधिकारी को सेक्टर अधिकारी या रिटर्निंग ऑफिसर को तुरंत सूचना देनी होगी। आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि ऐसे मामले में आयोग आपराधिक कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगा और प्रभावित बूतों पर दोबारा मतदान का आदेश भी दे सकता है।



रुद्रप्रयाग जिले में श्री तुंगनाथ महादेव मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुले।

## केदारनाथ में गुजराती श्रद्धालु की हृदय गति रुकने से मौत

रुद्रप्रयाग, (आरएनएस)। केदारनाथ दर्शन के लिए आए गुजरात के एक बुजुर्ग यात्री की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। हृदय गति रुकने से मौत की आशंका है। बड़ोदरा (गुजरात) निवासी दिलीप भाई मनु माली (69) की बुधवार सुबह केदारनाथ में अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तुरंत केदारनाथ अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव हेलिकॉप्टर से गुलाबराय मैदान लाया गया और यहां एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि प्राथमिक तौर पर मौत का कारण हृदय गति रुकना बताया गया है।

## पश्चिम बंगाल विस चुनाव के प्रथम चरण और तमिलनाडु विस की सभी सीटों के लिए मतदान आज



नई दिल्ली/कोलकाता/चेन्नई, (ए.)। व्यापक तैयारियों और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच देश के दो राज्यों पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को मतदान होंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में राज्य के 16 जिलों की 152 विधानसभा सीटों पर लगभग 3.6 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जबकि 234 सीटों वाले तमिलनाडु विधानसभा के लिए एक ही चरण में हो रहे मतदान में 5.73 करोड़ मतदाता वोट डालेंगे। इन चुनावों के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के पहले चरण का मतदान गुरुवार को कराया जाएगा। इसके लिए करीब 44 हजार मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां कल सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा। इस चरण में कुल 1,478 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें कई मंत्री, पूर्व विधायक, नए चेहरे और विभिन्न दलों के प्रमुख नेता शामिल हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों 23 और 29 अप्रैल को मतदान होंगे।पहले चरण में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, वाम दलों, कांग्रेस तथा अन्य क्षेत्रीय दलों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है।

## इजरायल ने पहलगाम हमले की पहली बरसी पर श्रद्धांजलि दी, कहा- आतंकवाद के खिलाफ साथ हैं

नईदिल्ली(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर इजरायल ने अपना संदेश साझा किया है। भारत में इजरायली दूतावास में राजदूत रूवेन अजार ने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि इजरायल भारत के साथ आतंकवाद के खिलाफ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह भारत पर 22 अप्रैल को हमला हुआ था, वैसे ही इजरायल पर 7 अक्टूबर को आतंकवादी हमला हुआ था।

अजार ने वीडियो में कहा, आज पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के एक साल हो गए हैं, जब 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी।




## प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवादी कहने पर उपराष्ट्रपति ने खड़गे को घेरा, कहा- अंतर नहीं समझते

नईदिल्ली, (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा आतंकवादी कहे जाने पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी आपत्ति जताई है। उन्होंने कर्नाटक के बिदर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मंच से ही राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने कहा कि कभी-कभी खड़गे काला और सफेद में और आतंकवादी और आतंकवादियों के लिए आतंक में अंतर नहीं कर पाते हैं। जब उपराष्ट्रपति यह बात कह रहे थे, तब कार्यक्रम में खड़गे भी मौजूद थे।

उपराष्ट्रपति ने यह बयान ऐसे समय पर दिया है, जब भाजपा इसे राजनीतिक मुद्दा बना रही है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय बीजेपी प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग के कार्यालय में इसकी शिकायत करने पहुंचा था। रिजिजू ने इसे निंदनीय बताते हुए मांग की कि खड़गे और कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए और आयोग को उन पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल थे।

तमिलनाडु के चेन्नई में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए खड़गे ने भाजपा और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के गठबंधन पर निशाना साधा था और कहा था कि वे गठबंधन कैसे कर सकते हैं, मोदी एक आतंकवादी है।

## चित्रगुप्त प्रकटोत्सव आज, निकलेगी भव्य शोभायात्रा

### भजन संध्या व भंडारे का किया जायेगा आयोजन



भोपाल (निप्र)। अजय श्रीवास्तव नीलू,,मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, जी.एम. जौहरी, राजेश नारायण श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विलक्षण सक्सेना ने अपने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भगवान चित्रगुप्त जी के प्रकटोत्सव पर जवाहर चौक चित्रगुप्त मंदिर से विशाल शोभायात्रा का आयोजन गुरूवार 23 अप्रैल 2026 को किया जायेगा, साथ ही आव्हान किया की चित्रगुप्त प्रकटोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिये समस्त कायस्थ संगठनों द्वारा अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर हर्षोल्लास कार्यक्रम को सफल बनाये। शोभायात्रा शाम 05.00 बजे शाम जवाहर चौक चित्रगुप्त मंदिर से प्रारंभ होकर काटजू हास्पिटल रंगमहल चौराहा न्यू मार्केट रोशनपुरा चौराहा जी.टी.बी. पहुंचेगी। तत्पश्चात जवाहर चौक चित्रगुप्त मंदिर पर समापन होगा । रात्री 08.00 बजे से रवि खरे एवं पर्टी द्वारा जवाहर चौक चित्रगुप्त मंदिर भजन संध्या के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोहन यादव मुख्यमंत्री म.प्र. शासन, अध्यक्षता विश्वास कैलाश सारंग कैबिनेट मंत्री म.प्र. शासन, विशेष अतिथि आलोक संजर पूर्व सांसद, बृजमोहन श्रीवास्तव राष्ट्रीय प्रवक्ता रा.का.पार्टी, अरूण श्रीवास्तव पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव, संजीव सक्सेना महासचिव म.प्र. काँग्रेस, वीनू मोनू सक्सेना पार्षद, प्रवीण सक्सेना पार्षद उपस्थित रहेंगे।

## हाईवे के रनवे का इस्तेमाल कर भारतीय वायुसेना ने किया बड़ा एयर-शो



सुल्तानपुर,(ए.)। उत्तरप्रदेश के सुल्तानपुर जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भारतीय वायुसेना का बड़ा एयर शो और अभ्यास आयोजित हुआ, जिसमें लड़ाकू और परिवहन विमानों ने हाईवे पर बने विशेष रनवे पर टेकऑफ और लैंडिंग कर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। यह अभ्यास सुल्तानपुर जिले के अरवल कीरी करवत क्षेत्र में स्थित करीब 3.2 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी पर किया गया, इस एक्सप्रेसवे के हिस्से के रूप में विशेष रूप से तैयार किया है।

दोपहर करीब 2 बजे कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें सबसे पहले सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ने सफल लैंडिंग की। इसके बाद वायुसेना के लड़ाकू विमान जैसे जगुआर, सुखोई-30, मिराज-2000 और तेजस ने लगातार टेकऑफ और लैंडिंग करते हुए टच एंड गो अभ्यास किया। इस दौरान विमानों की सटीकता, गति और आपातकालीन परिस्थितियों में हाईवे रनवे के उपयोग की क्षमता का परीक्षण किया गया।




## भोपाल में महिला कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, भाजपा कार्यालय तक पैदल मार्च, कांग्रेस कार्यकर्ता गिरफ्तार




भोपाल (निप्र)। केंद्र सरकार के महिला आरक्षण से जुड़े 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को छलावा बताते हुए मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस ने बुधवार को भोपाल में बड़ा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों महिलाओं ने कांग्रेस कार्यालय से भाजपा कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हुई और बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की गई। इसके बाद पुलिस ने महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन में 100 से अधिक महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन भी किया गया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सरकार महिलाओं को केवल लॉलीपॉप देकर भ्रमित कर रही है, जबकि वास्तविक राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित नहीं की जा रही है। पैदल मार्च के दौरान कई स्थानों पर पुलिस और महिला कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झड़प देखने को मिली। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रीना बौरासी सेतिया सहित कुछ महिलाओं को हिरासत में ले लिया।

महिला कांग्रेस की संयुक्त प्रदेश सचिव सेजल पटेल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महिलाओं को केवल प्रतीकात्मक योजनाओं के माध्यम से लॉलीपॉप दे रही है और वास्तविक अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। महिला आरक्षण से जुड़े प्रस्तावित अधिनियम के तहत संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जिसे 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने की बात कही गई है। साथ ही परिसीमन के बाद लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव को लेकर भी राजनीतिक विवाद जारी है।

## दसवीं में फेल होने से दुखी छात्रा ने घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी

भोपाल (ए.)। हबीबगंज थाना इलाके में दसवीं कक्षा में फेल होने से दुखी छात्रा ने मंगलवार रात घर में फांसी लगा ली।



उस पर नजर पड़ते ही परिजनों ने तुरंत ही उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान बुधवार अलसुबह उसकी मौत हो गई। शुरुआती जॉच में परिजनो ने पुलिस को दिए बयानों में रिजल्ट बिगड़ने से दुखी होकर आत्महत्या करने की बात कही है।थाना पुलिस के अनुसार 6 नंबर स्टॉप शिवाजी नगर में रहने वाले रामकृष्ण रायकवार सरकरी नौकरी करते हैं, जबकि उनकी पत्नि प्राइवेट जॉब करती हैं। उनकी बेटी मोनिका रायकवार पुत्री (17) एक निजी स्कूल में कक्षा दसवीं की छात्रा थी, वह दसवीं में फेल हो गई थी। रिजल्ट आने के बाद मानसिक तनाव के चलते वह काफी गुमसुम रहने लगी थी। मंगलवार को उसके माता और पिता मंगलवार को अपने-अपने काम पर चले गए थे। इस बीच घर में अकेली रही मोनिका ने फांसी लगा ली। परिजनो ने घर लौटने पर बेटी को फंदे पर देख उसे तत्काल ही नीचे उतारा।

## द्वारका नगरी योजना से शहरी विकास को मिलेगी नई गति : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने द्वारका नगरी योजना के नियमों और प्रक्रिया के बारे में विभागीय प्रस्तुतिकरण का अवलोकन कर ली जानकारी



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में शहरीकरण की बढ़ती जरुरतों को पूरा करने के लिए सरकार ने विशेष प्रबंध किए हैं। द्वारका नगरी योजना भी उसी दिशा में उठाया गया एक बढ़ा कदम है। द्वारका योजना शहरों के विकास की नई रुपरेखा लिखेगी। यह हमारे शहरों को सुनियोजित, सुविधा सम्पन्न और भावी जरूरतों के मुताबिक आधुनिक बनाने के सरकार के संकल्प की पूर्ति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में नियोजित और सु-व्यस्थित विकास को नई गति मिलेगी। नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रदेश के हर नागरिक को बेहतर परिवेश, पक्के आवास, मजबूत आधारभूत संरचना और गुणवत्तापूर्ण जीवन मिले। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रदेश के शहरी स्वरूप को आधुनिक और व्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मंत्रालय में द्वारका नगरी योजना के नियमों और प्रकिया के बारे में विभागीय प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। उन्होंने योजना के सभी नियमों एवं उपबंधों की जानकारी लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना के क्रियान्वयन में समयबद्धता, पारदर्शिता और विकास-निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। योजना से नगरीय क्षेत्रों के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ ही नागरिक सुविधाओं का विस्तार भी किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि इस योजना में प्रदेश के नगरीय निकायों से प्राप्त किये जाने वाले प्रस्तावों में शहर की प्रमुख सड़कों का विकास एवं मरम्मत, शहर की समुचित साफ-सफाई, जन-सुविधा विकास-विस्तार से संबंधित कार्यों को तवज्जो दी जाये। साथ ही शहर में गौशाला निर्माण और मुक्तिधाम निर्माण कार्यों को भी प्राथमिकता से शामिल किया जाये।उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा नगरीय निकायों में द्वारका नगरी योजना वित्त वर्ष 2026-27 से वर्ष 2028-29 कुल 3 वर्षों के लिए मंजूर की गई है। योजना में 2201.20 करोड रुपए अनुदान (शून्य प्रतिशत ब्याज पर राज्य शासन द्वारा ऋण) एवं 2798.80 करोड रुपए ऋण (वित्तीय संस्थाओं द्वारा) सहित कुल 5000 करोड रुपए उपलब्ध कराये जायेंगे। अनुदान के रूप में ली गई ऋण राशि 2201.20 करोड रुपए का पुनर्भुगतान विभाग द्वारा 25 वर्ष बाद 5 समान वार्षिक किश्तों में किया जाएगा।

## मध्यप्रदेश को सामाजिक न्याय के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिये करें समन्वित प्रयास : मंत्री श्री कुशवाह

### मैदानी अमले के सुझावों को योजनाओं के क्रियान्वयन में किया जाएगा शामिल



भोपाल (निप्र)। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायन सिंह कुशवाह ने कहा है कि मध्यप्रदेश को सामाजिक न्याय के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। विभाग के मैदानी अमले की योजनाओं और कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर उतारने में भागीदारी कैसे सुनिश्चित की जाए, योजनाओं को लागू करने के साथ नीति निर्माण में उनके सुझाव को कैसे शामिल किया जा सकता है इस विषय पर विस्तृत विचार विमर्श के लिये सामाजिक न्याय विभाग द्वारा विभागीय चिंतन शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय विभाग मानवीय संवेदनाओ से जुड़ा विभाग है। इसके माध्यम से हम कमजोर और असहाय लोगों की सहायता कर सकते है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन की सेवा ईश्वर सेवा से कम नहीं है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुँचे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि विभागीय योजनाओं के प्रति व्यापक जनजागरूकता बढ़ाई जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र हितग्राही लाभान्वित हो सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जीआईएस सबस्टेशन, भोपाल में अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

भोपाल (ए.)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि गर्मी के मौसम में राजधानी की विद्युत पारेषण व्यवस्था को अधिक विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने 132 केवी जीआईएस सबस्टेशन, ई-8 अरेरा कॉलोनी भोपाल की क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि की है। नए ट्रांसफार्मर के जुड़ने से इस सबस्टेशन की कुल क्षमता बढ़कर 70 एमवीए हो गई है।जीआईएस गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन तकनीक पर आधारित यह सबस्टेशन सीमित स्थान में निर्मित है, जहां अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। इसके बावजूद कंपनी के इंजीनियरों ने अपनी दक्षता और तकनीकी कौशल का परिचय देते हुए कम स्थान में ही 20 एमवीए क्षमता का एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक स्थापित कर उसे ऊर्जीकृत कर दिया।



*लोक स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने मंत्रालय में मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए निर्णायों की मीडिया को जानकारी दी*

## लैंसकार्ट के खिलाफ शिवसेना ने किया विरोध प्रदर्शन

### पीयूष बंसल का पुतला फूंका

भोपाल(ए)। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक कथित पॉलिसी डॉक्यूमेंट से लेंसकार्ट शोरूम के खिलाफ शुरू हुआ आक्रोश लगातार फैलता जा रहा है। इसी कड़ी में शिवसेना भोपाल इकाई द्वारा लैसंकार्ट के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने कंपनी के रंगमहल चौराहा क्षेत्र में स्थित शोरूम पास जमा होकर जमकर नारेबाती करते हुए कंपनी के सीईओ पियूष बंसल का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन के दौरान शिवसेना कार्यकर्ताओ ने शोरूम की ओर बढ़े और लेंसकार्ट के लोगो पर कालिख पोतने का प्रयास किया। लेकिन मौके पर मौजूद प्रशासन ने तुरंत ही उन्हें रोकते हुए



स्थिति को नियंत्रित किया।युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप तिवारी ने आरोप लगाते हुए कहा की पीयूष बंसल ने ओछी मानसिकता का परिचय देते हुए सनातन धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने मामले की जांच की मांग करते हुए आशंका जताई कि कहीं इसके पीछे विदेशी फंडिंग तो नहीं है। साथ ही यह भी आरोप लगाया कि कंपनी में कर्मचारियों को तिलक, बिंदी और रक्षासूत्र पहनने से रोका जा रहा है, जबकि अन्य धर्मों के कर्मचारियों पर कोई प्रतिबंध नहीं है। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि पीयूष बंसल के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने और धार्मिक उन्माद फैलाने जैसी धाराओं में मामला दर्ज किया जाए। जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा दिलीप परिहार और रोशनी ने देशवासियों से लेंसकार्ट के बहिष्कार की अपील भी की।

## सार्वजनिक स्थलों को बनायेंगे महिलाओं के लिये भयमुक्त और सुविधायुक्त

### देश की 10 चयनित 10 सेफ सिटीज में धार शामिल

भोपाल(ए)। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026 के लिए देश भर के 10 प्रमुख शहरों को सेफ सिटीज परियोजना के अंतर्गत चयनित किया गया है, जिसमें मध्यप्रदेश से ऐतिहासिक नगरी धार को शामिल किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा शत-प्रतिशत वित्त पोषित इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए धार जिले को 10 करोड़ रुपये की राशि आवंटित किए जाने का प्रावधान किया गया है।देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए वर्ष 2013 में निर्भया फंड की स्थापना की गई थी, जिसके बाद वर्ष 2015 में स्मार्ट सिटी मिशन के माध्यम से शहरी विकास और सुरक्षा के मानकों को नया आयाम दिया गया। धार जिले में यह परियोजना न्यूनतम 05 वर्षों के लिए क्रियान्वित की जाएगी। इस योजना का मुख्य केंद्र बिंदु सार्वजनिक स्थानों को महिलाओं के लिए पूरी तरह भयमुक्त और सुविधायुक्त बनाना है।

## एसडीओपी को धमकाने के मामले में भाजपा विधायक प्रीतम लोधी को नोटिस, पार्टी ने मांगा जवाब

भोपाल (निप्र)। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले की पिछोर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी को एसडीओपी को धमकाने के



मामले में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने नोटिस जारी किया है। बुधवार की जारी नोटिस में प्रीतम लोधी से तीन दिन में अपना जवाब पेश करने को कहा गया है।नोटिस में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों में आपके द्वारा किया गया आचरण अत्यंत आपत्तिजनक है, जो पार्टी के अनुशासन के अनुरूप नहीं है। नोटिस में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि विधायक को तीन दिन के भीतर अपने आचरण पर अपना पक्ष रखना होगा। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा के भीतर स्पष्टीकरण नहीं दिया जाता है, तो उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।इस नोटिस की प्रतिलिपि पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और राज्य के शीर्ष पदाधिकारियों को भी भेजी गई है। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, मुख्यमंत्री मोहन यादव, मध्य प्रदेश भाजपा प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय शामिल है।दरअसल, भाजपा विधायक विधायक प्रीतम लोधी के बेटे दिनेश लोधी ने गत 16 अप्रैल को पांच लोगों को थार वाहन से टक्कर मार दी थी। पुलिस ने दिनेश लोधी पर एफआईआर दर्ज कर थार जब्त की थी। कोर्ट के आदेश के बाद रविवार को दिनेश लोधी करैरा थाने पहुंचा था। यहां एसडीओपी आयुष जाखड़ और थाना प्रभारी विनोद छावई ने उससे हादसे को लेकर पूछताछ की। इस हादसे के बाद विधायक प्रीतम लोधी ने एसडीओपी आयुष जाखड़ को धमकी दी था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में विधायक लोधी कहते हुए दिख रहे हैं कि करैरा के एसडीओपी के बंगले को 10 हजार लोगों को ले जाकर गोबर से भरवा देंगे। मेरा मुक्का पहले ढाई किलो का था, अब यह ढाई सौ किलो का हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि वे उन्हें बेचैन कर देंगे। एसडीओपी तेरी डैडी का करैरा नहीं है। करैरा आएगा और चुनाव भी लड़ेगा। अगर तेरे डैडी में दम हो तो रोक लेना।

## मप्रः सिंहस्थ-2028 की तैयारियों पर उज्जैन में डीजीपी की अध्यक्षता में पुलिस की उच्च स्तरीय बैठक

### - पुलिस सुरक्षा, साइबर एवं प्रशिक्षण व्यवस्था का व्यापक प्रस्तुतीकरण दिया गया

भोपाल, (निप्र)। मध्य प्रदेश के उज्जैन में आगामी सिंहस्थ-2028 (महाकुंभ) के भव्य, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन की तैयारियों को लेकर बुधवार को उज्जैन में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाणा की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई, जिसमें सिंहस्थ से जुड़ी पुलिस व्यवस्था, सुरक्षा संरचना, तकनीकी नवाचार, साइबर सुरक्षा एवं प्रशिक्षण रणनीति पर विस्तृत एवं समन्वित प्रस्तुतीकरण दिया गया।पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने अपने संबोधन में कहा कि सिंहस्थ-2028 केवल एक प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं वैश्विक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तकनीक, प्रशिक्षण, समन्वय एवं जनसहयोग के माध्यम से इस आयोजन को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक बनाया जाएगा।

### पुलिस ड्यूटी पोर्टल का शुभारंभ एवं साइबर सुरक्षा पोस्टर का अनावरण

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक मकवाणा द्वारा पुलिस ड्यूटी पोर्टल का शुभारंभ किया गया, जिसे eHRMS प्रणाली से पूर्णतः एकीकृत किया गया है। यह पोर्टल सिंहस्थ-2028 में ड्यूटी हेतु इच्छुक पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ऑनलाइन पंजीयन, सत्यापन, प्रशिक्षण, डेटा प्रबंधन एवं ड्यूटी आवंटन के लिए विकसित किया गया है। पोर्टल पर कार्मिक का एम्पलाई आईडी-यूनिक कोड दर्ज करने पर eHRMS से डेटा स्वतः प्राप्त होता है तथा सत्यापन उपरांत पंजीकरण पूर्ण किया जाता है। सफल पंजीकरण पर एसएमएस के माध्यम से पुष्टि प्रदान की जाती है। यह प्रणाली मानव संसाधन प्रबंधन को अधिक पारदर्शी एवं तकनीक-सक्षम बनाती है। बैठक में सिंहस्थ साइबर सुरक्षा योजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण



किया गया तथा पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा संबंधित साइबर सुरक्षा पोस्टर का अनावरण किया गया। इस योजना का उद्देश्य डिजिटल सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करना, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, फेक न्यूज नियंत्रण, साइबर फ्रॉड रोकथाम, श्रद्धालुओं के डिजिटल डेटा की सुरक्षा एवं रियल टाइम साइबर इंटेलिजेंस प्रणाली को मजबूत करना है।अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, उज्जैन रेंज राकेश गुप्ता द्वारा सिंहस्थ-2028 से जुड़ी संभावित चुनौतियों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसमें भीड़ प्रबंधन, यातायात दबाव, होल्डिंग एरिया, घाट क्षेत्रों की संवेदनशीलता, वीआईपी मूवमेंट, सीमावर्ती जिलों से आने वाले यातायात दबाव तथा आपातकालीन परिस्थितियों के प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। उप पुलिस महानिरीक्षक (उज्जैन रेंज) नवनीत भसीन द्वारा प्रशिक्षण व्यवस्था पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ-2028 हेतु 07, 14 एवं 21 दिवसीय प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किए गए हैं, जिनमें ट्रैनिंग आफ ट्रैनर्स, उज्जैन एवं इकाई आधारित प्रशिक्षण, तथा रोल-बेस्ड पॉइंट ट्रेनिंग शामिल है। सिंहस्थ-2028 हेतु तैयार किए गए 21 दिवसीय प्रशिक्षण मॉड्यूल का शुभारंभ पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा किया गया, जिसमें भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, साइबर अपराध, वीआईपी सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, सोशल मीडिया संचालन, घाट सुरक्षा, खोया-पाया केंद्र, प्राथमिक चिकित्सा एवं इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर संचालन जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल किए गए हैं। इस अवसर पर यह भी अवगत कराया गया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित अधिकारी एवं कर्मचारी मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किए जा रहे हैं, जो आगे अपने-अपने जिलों में अन्य बल को प्रशिक्षित करेंगे। प्रत्येक जिले से चयनित कार्मिकों का डेटा संकलित किया जा रहा है तथा प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी एवं व्यवहारिक बनाने हेतु प्रयागराज महाकुंभ-2025 एवं पूर्व सिंहस्थ अनुभवों का अध्ययन भी शामिल किया गया है।बैठक में यह भी बताया गया कि उज्जैन में पूर्व से ही विशेष कार्यशालाओं एवं ब्रेनस्टॉर्मिंग सत्रों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अनुभवी एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों की सहभागिता से प्रशिक्षण सामग्री को अधिक व्यावहारिक एवं परिणामोन्मुख बनाया जा रहा है।बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा सिंहस्थ आयोजन एवं पुलिस व्यवस्था पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण देते हुये बताया गया कि सिंहस्थ-2028 में लगभग 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है, जो इसे विश्व के सबसे बड़े मानव समागमों में से एक बनाता है। इस विशाल जनसमूह के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन हेतु बहु-स्तरीय सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन योजना तैयार की गई है, जिसमें राज्य पुलिस बल, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, विशेष इकाइयाँ तथा सहायक बलों का समन्वित उपयोग किया जाएगा।

# मैहर जिले में नरवाई जलाने से बढ़ रहीं आगजनी की घटनाएं, प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग



मैहर,(ए.)। मध्यप्रदेश के मैहर जिले में फसल कटाई के बाद खेतों में बची नरवाई जलाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। प्रतिबंध के बावजूद कई किसान खेतों में आग लगा रहे हैं, जिससे बड़े हादसों की आशंका बनी हुई है और प्रशासन की चिंता बढ़ गई है।जानकारी के अनुसार जिले में प्रतिदिन करीब 10 से 12 स्थानों पर नरवाई में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। लगातार मिल रही सूचनाओं के कारण पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।नरवाई में लगाई गई आग से आसपास खड़ी गेहूं की फसल, ग्रामीण बस्तियों और अन्य संपत्तियों को नुकसान पहुंचने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा इससे निकलने वाला धुआं वायु प्रदूषण बढ़ाता है, वहीं खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है।स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों ने मामले को गंभीर बताते हुए जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों का कहना है कि नरवाई में आग लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, तभी इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सकेगी।प्रशासन द्वारा नरवाई जलाने पर पहले से प्रतिबंध लगाया जा चुका है और जुर्माने का प्रावधान भी है। इसके बावजूद कुछ किसान जल्द खेत खाली करने के उद्देश्य से आग लगाने का सहारा ले रहे हैं।कुछ मामलों में यह भी सामने आया है कि नरवाई जलाने के बाद गेहूं की फसल जलने की बात कहकर मुआवजे की मांग की जा रही है। प्रशासन मामले पर नजर बनाए हुए है।

### *खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी की फटी बैटरी लगी आग, परिजनों ने बाहर निकलकर जान बचाई*

*अनूपपुर (ए.)। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के ग्राम धनगवां में बुधवार को एक खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी में अचानक धमाका हो गया। धमाके के बाद घर में भीषण आग लग गई, जिससे फ्रिज, कूलर और वाशिंग मशीन सहित लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना के समय घर में मौजूद सदस्यों ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।जैतहरी थाना प्रभारी अमर वर्मा ने बताया कि यह घटना राजेंद्र विश्वकर्मा के घर पर हुई। बुधवार दोपहर को स्कूटी चार्जिंग पर नहीं लगी थी, इसके बावजूद उसकी बैटरी अचानक तेज धमाके के साथ फट गई। धमाके के तुरंत बाद आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया।*

*आग लगने के बाद आसपास के ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक अधिकांश कीमती सामान जल चुका था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का मुआयना किया। पीड़ित परिवार को इस अग्निकांड में भारी आर्थिक क्षति हुई है। पीड़ित राजेंद्र विश्वकर्मा ने जैतहरी थाने में मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। चार्जिंग पर न होने के बावजूद बैटरी फटने की इस घटना से क्षेत्र के इलेक्ट्रिक वाहन चालकों में चिंता और दहशत का माहौल है।*

### चोरी के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार, एक लाख से अधिक का माल बरामद

राजगढ़, (आरएनएस)। कुरावर थाना पुलिस ने दस दिन पहले हुई नकदी और गुटखा पाउच चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी गई नकदी, सामान तथा घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली है।थाना प्रभारी जितेन्द्रसिंह मावई ने बुधवार को बताया कि 13 अप्रैल को नरसिंहगढ़ रोड, कुरावर निवासी पप्पू (35)पुत्र अमृतलाल राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीती रात अज्ञात बदमाश उसके घर का ताला काटकर 50 हजार रुपए नकद और गुटखा पाउच चोरी कर ले गए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपितों की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने आरोपित लोकेन्द्र (28)पुत्र राधेश्याम मीणा निवासी बैरागढ़,खुमान थाना श्यामपुर, समीर (21) पुत्र अमीन खान तथा जुबैर (21) पुत्र इरफान खान निवासी बड़नगर थाना कुरावर को हिरासत में लिया।

### जीवाजी क्लब भिण्ड में नारी शक्ति वंदन दीवार गतिविधि का हुआ आयोजन



भिंड ( ए. )। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार दिनांक 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। उसी के क्रम में जिला भिण्ड अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंजू तोमर तथा खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अजीम खान के समन्वय से जीवाजी क्लब भिण्ड में नारी शक्ति वंदन दीवार गतिविधि का आयोजन कराया गया। जिसमें खेल के क्षेत्र में विभिन्न स्तरों पर प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं द्वारा नारी शक्ति वंदन दीवार तैयार की गई, उनके द्वारा महिला सशक्तिकरण से संबंधित स्लोगन, कविताएं संदेश को दीवारों पर उकेरा गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना, नीतू, ब्रजबाला यादव, प्रमोद गुप्ता, साधना तोमर, बलराम सोनी, खेल विभाग से रामबाबू कुशवाह, संजय पंकज और बालिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जिला कार्यकारी अधिकारी श्रीमती अंजू तोमर द्वारा बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा गया कि जीवन में लक्ष्य बनाकर सकारात्मक रूप से उसको प्राप्त करने के प्रयास करना चाहिए, केवल प्रयास आपके हाथ में है, इसलिए प्रयासों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होना चाहिए।

### नियमित टीकाकरण के अन्तर्गत शासन द्वारा निर्मला हॉस्पिटल में उपलब्ध कराई बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा

उज्जैन (ए.)। उज्जैन शहर के प्रायवेट हॉस्पिटल, निर्मला हॉस्पिटल, देवासरोड, उज्जैन में नियमित टीकाकरण के अन्तर्गत जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों का निशुल्क टीकाकरण प्रारंभ किया गया है। यहां पर प्रति बुधवार व



शनिवार को प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। यहां पर शासन द्वारा निर्धारित टीकाकरण सारणी अनुसार समस्त टीके नि:शुल्क लगाए जाएंगे। इस अवसर पर डॉ. रवींद्र कुमार पाल जिला टीकाकरण अधिकारी, निर्मला हॉस्पिटल के संचालक फादर जोबीश मानुपल, डॉ. नीलम चार्ल्स, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. संध्या चार्ल्स, जिला टीकाकरण टैक्नीशियन नरेन्द्र परमार, टीकाकरण डाटा मैनेजर बालकृष्ण शर्मा सहित विभिन्न नागरिक उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. पटेल ने बताया कि निर्मला हॉस्पिटल में प्रति बुधवार व शनिवार को प्रात: 10:00 से 2:00 बजे तक जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों का निशुल्क टीकाकरण होगा। इसके पूर्व भी शासन द्वारा उज्जैन के प्रायवेट हॉस्पिटल क्रमशः वेदा हॉस्पिटल, एस. एन. कृष्णा हॉस्पिटल, लोटस हॉस्पिटल, ग्लोबल हॉस्पिटल व पुष्पा मिशन हॉस्पिटल में भी नि:शुल्क टीकाकरण की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

## तेज आवाज वाले बाइक साइलेंसरों पर पुलिस का बुलडोजर, 48 मॉडिफाइड साइलेंसर नष्ट

मंदसौर,(ए.)। मध्य प्रदेश के मंदसौर शहर में ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले मॉडिफाइड साइलेंसरों के खिलाफ यातायात पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए बुधवार



को पुलिस लाइन परिसर में 48 साइलेंसरों को रोड रोलर से कुचलकर नष्ट कर दिया। ये साइलेंसर बुलेट सहित अन्य दोपहिया वाहनों से जब्त किए गए थे, जिनसे पटाखों जैसी तेज आवाज निकलती थी। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन में पिछले कुछ महीनों से शहरभर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान यातायात थाना पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किए।पुलिस के अनुसार ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले 48 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर कुल 55 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। जब्त किए गए साइलेंसरों को अपीलीय अवधि पूरी होने के बाद नष्ट करने की कार्रवाई की गई।पुलिस लाइन परिसर में हुई इस कार्रवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल और सीएसपी जितेंद्र भास्कर मौजूद रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध पर युवा मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला



धार, (ए.)। संसद में कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध के आरोप को लेकर बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा ने धार शहर में प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मोहन टॉकीज चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित भावसार ने कहा कि नारी शक्ति के सम्मान को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा पूरी मजबूती के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा महिलाओं से जुड़े मुद्दों का विरोध किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विरोध स्वरूप पुतला दहन कर कार्यकर्ताओं ने अपना आक्रोश व्यक्त किया है। नारी सम्मान देश की प्राथमिकता है और देश की युवा महिला पीढ़ी ऐसे रवैये को कभी स्वीकार नहीं करेगी। कार्यक्रम के दौरान युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन के खिलाफ नारेबाजी भी की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान से जुड़े मुद्दों पर राजनीति करने वालों को जनता जवाब देगी।

## व्यापार समाचार

### ओपनएआई ने इमेजेज 2.0 लॉन्च किया, मिलेगा अधिक रियल आउटपुट

नई दिल्ली (ए.)। दिग्गज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और चैटजीपीटी की पैरेंट कंपनी ओपनएआई ने अपने प्लेटफॉर्म में इमेजेज 2.0 को लॉन्च किया है। यह एक अगली पीढ़ी का इमेज जनरेशन मॉडल है, जिसका उद्देश्य अधिक तर्क क्षमताओं के लिए सटीक, रियल और अधिक उपयोग विजुअल प्रदान करना है। कंपनी ने बताया कि इमेजेज 2.0 निर्देशों का पालन करने और इमेज में मौजूद बारीक एलिमेंट्स को संभालने के तरीके में सुधार करता है। यह छोटे टेक्स्ट, आइकन और यूजर इंटरफेस एलिमेंट्स को पहले के मुकाबले अधिक सटीकता से प्रस्तुत करता है।

साथ ही यह अलग-अलग अनुपात वाली इमेज को जनरेट करने में सक्षम है, जिसमें सोशल मीडिया ग्राफिक्स से लेकर प्रिजेंटेशन शामिल हैं।

कंपनी के मुताबिक, इसमें एक बड़ा अपडेट सोचने की क्षमता है। यह मॉडल रियल-टाइम जानकारी के लिए वेब सर्च मॉडल का उपयोग करने में सक्षम है और एक ही प्रोम्प्ट से कई अलग-अलग इमेज जनरेट कर सकता है।ओपनएआई के मुताबिक, चैटजीपीटी इमेजेज 2.0 अलग-अलग भाषाओं में भी प्रदर्शन करने में सक्षम है। यह मॉडल जापानी, कोरियाई, चीनी, हिंदी और बंगाली भाषाओं में तस्वीरों के अंदर टेक्स्ट को अधिक सटीकता के साथ जारी कर सकता है। विजुअल क्वालिटी के मामले में, इमेजेज 2.0 फोटोग्राफ, सिनेमाई स्टिल्स, मंगा और पिक्सेल आर्ट जैसे फॉर्मेट में बेहतर रियल और सटीक विजुअल प्रदान करता है, साथ ही प्रकाश, बनावट और बारीक विवरणों को बेहतर ढंग से संभालता है।कंपनी ने बताया कि इमेजेज 2.0 यूआई स्क्रीनशॉट, मैगजीन लेआउट, इन्फोग्राफिक्स, हाथ के लिखे नोट्स, कॉमिक्स और मंगा, विज्ञापन और सिनेमाई विजुअल जैसे विभिन्न उपयोगों और स्टाइल के साथ-साथ कैनवा, फिग्मा और एडोब जैसे प्लेटफार्मों पर डिजाइन वर्कफ्लो को आसान बनाता है।

### स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज पर अनिश्चितता जारी, कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब

मुंबई(ए.) ,। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई है। इसकी वजह अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता को लेकर अनिश्चितता बने रहना और स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज पर आवाजाही बंद रहना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स का दाम 0.82 प्रतिशत बढ़कर 99.29 डॉलर प्रति बैरल और डबल्यूटीआई क्रूड का दाम 1.15 प्रतिशत बढ़कर 90.71 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।

इससे पहले के सत्र में कच्चे तेल की कीमत में 3 प्रतिशत के आसपास की बढ़ोतरी देखी गई थी।हालांकि, सुबह 11:21 पर भारत में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर क्रूड ऑयल का फ्यूचर्स 1.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,314 रुपए पर था।

ट्रंप द्वारा ईरान के साथ युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाने की घोषणा के बाद बाजार का रुख सतर्क बना रहा, क्योंकि नौसैनिक नाकाबंदी जारी है और स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से आवाजाही बंद है।

वहीं एक सोशल मीडिया पोस्ट में, ट्रंप ने दावा किया कि ईरान आर्थिक रूप से ढह रहा है और प्रतिदिन 50 करोड़ डॉलर का नुकसान उठा रहा है, साथ ही उन्होंने कहा कि तेहरान स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज को फिर से खोलने के लिए उत्सुक है।

रिपोर्टों के अनुसार,स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से होकर गुजरने वाली शिपिंग गतिविधियां काफी हद तक बंद हैं, और पिछले 24 घंटों में जहाजों की आवाजाही बहुत कम दर्ज की गई।

## ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर सरकार का सख्त एक्शन, इस दिन से लागू होंगे नए नियम

नई दिल्ली(ए.)। देश में तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर पर अब सरकार ने लगाम कसने की तैयारी पूरी कर ली है। फर्जी ऐप्स, यूजर्स के पैसे फंसने, बच्चों में बढ़ती लत और विदेश से संचालित अनियंत्रित प्लेटफॉर्म्स को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। ऑनलाइन गेमिंग प्रमोशन बिल के तहत नए नियमों को नोटिफाई कर दिया गया है, जो 1 मई से पूरे देश में लागू होंगे। सरकार के इस फैसले के साथ ही ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री के लिए एक नई रेगुलेटरी व्यवस्था शुरू हो जाएगी। सबसे अहम पहलू यह है कि सेक्टर की निगरानी के लिए एक केंद्रीय अथॉरिटी का गठन किया गया है, जिसमें छह प्रमुख मंत्रालयों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें आईटी, वित्त, गृह, खेल, उपभोक्ता मामलों और कानून मंत्रालय की भागीदारी संभावित है। इस अथॉरिटी का काम नियमों का पालन सुनिश्चित करना, प्लेटफॉर्म्स की निगरानी करना और यूजर्स की शिकायतों का समाधान करना होगा। नए नियमों के तहत सभी गेमिंग कंपनियों को अनिवार्य



रूप से रजिस्ट्रेशन नहीं कराना होगा। सरकार ने साफ किया है कि केवल उन्हीं प्लेटफॉर्म्स को रजिस्ट्रेशन कराना होगा, जहां पैसे का लेन-देन होता है, जीत-हार में वित्तीय जोखिम होता है या जो प्रतिस्पर्धी ई-स्पोर्ट्स मॉडल पर आधारित हैं। सामान्य मनोरंजन वाले गेम्स को इससे राहत दी गई है।हालांकि, मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म्स पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। ऐसे प्लेटफॉर्म जहां यूजर्स पैसे लगाकर खेलते हैं, उन्हें सख्त नियमों का पालन करना होगा। इसके अलावा रिस्क आधारित गेम्स और ई-स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म्स भी इस दायरे में आएंगे। सरकार ने विदेशों से ऑपरेट होने वाली कंपनियों को भी इस कानून के तहत शामिल कर लिया है। यानी अगर कोई प्लेटफॉर्म भारत के यूजर्स को टारगेट करता है, तो उसे भारतीय नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा, भले ही उसका संचालन विदेश से हो रहा हो। इससे विदेशी गेमिंग ऐप्स पर भी कड़ी निगरानी रखी जा सकेगी।यूजर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए कंपनियों के लिए ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम बनाना भी अनिवार्य कर दिया गया है। यदि किसी यूजर का पैसा फंसता है, अकाउंट ब्लॉक होता है या कोई गलत चार्ज लगता है, तो कंपनियों को तय समय में उसका समाधान करना होगा। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि इन नए नियमों से ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में पारदर्शिता बढ़ेगी और यूजर्स का भरोसा मजबूत होगा। जहां बड़ी और नियमों का पालन करने वाली कंपनियों को इसका फायदा मिलेगा, वहीं अनियमित प्लेटफॉर्म्स पर दबाव बढ़ेगा।कुल मिलाकर, सरकार ने साफ कर दिया है कि ऑनलाइन गेमिंग अब बिना नियंत्रण के नहीं चल सकेगा। 1 मई से लागू हो रही यह नई व्यवस्था जवाबदेही, पारदर्शिता और यूजर सुरक्षा को केंद्र में रखकर बनाई गई है।

## अमेरिका-ईरान में सीजफायर बढ़ने के बीच सोने और चांदी में तेजी



मुंबई,। अमेरिका-ईरान में सीजफायर बढ़ने के बीच बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली, जिससे दोनों कीमती धातुओं के दाम एक प्रतिशत से अधिक बढ़ गए हैं।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सुबह 10:30 पर सोने का 5 जून 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 1.01 प्रतिशत या 1,535 रुपए की तेजी के साथ 1,53,206 रुपए पर था।

अब तक के कारोबार में सोने ने 1,53,052 रुपए का न्यूनतम स्तर और 1,53,699 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ है। चांदी का 5 मई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 1.74 प्रतिशत या 4,247 रुपए की बढ़त के साथ 2,48,948 रुपए पर था। अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,48,717 रुपए का न्यूनतम स्तर और 2,49,423 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। खबर लिखे जाने तक कॉमेक्स पर सोना 1.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,773.21 डॉलर प्रति औंस और चांदी 1.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77.99 डॉलर प्रति औंस पर थी।सोने और चांदी में तेजी की वजह वैश्विक स्तर पर अस्थिरता में बढ़ोतरी को माना जा रहा है। अमेरिका की ओर से ईरान के साथ सीजफायर की डेडलाइन को आगे बढ़ा दिया गया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया है कि इसे कितने दिन के लिए आगे बढ़ाया गया है और यह कब तक जारी रहेगा।

### भारतीय शेयर बाजार मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच लाल निशान में खुला, आईटी सेक्टर में बिकवाली

मुंबई(ए.),। मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत बुधवार को कमजोरी के साथ हुई। इस दौरान सेंसेक्स 253.99 अंक या 0.32 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 79,019.34 और निफ्टी 105.75 अंक या 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,470.85 पर खुला।

शुरुआती कारोबार में बाजार पर दबाव बनाने का दाम आईटी सेक्टर कर रहा था। सूचकांकों में निफ्टी आईटी टॉप लूजर था। इसके अलावा, निफ्टी सर्विसेज, निफ्टी प्राइवेट बैंक, निफ्टी हेल्थकेयर, निफ्टी फार्मा, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, निफ्टी इन्फ्रा और निफ्टी पीएसई भी लाल निशान में थे। दूसरी तरफ निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी मीडिया, निफ्टी मेटल, निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी रियल्टी हरे निशान में थे। सेंसेक्स पैक में एचयूएल, एनटीपीसी, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, इटरनल, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और एसबीआई गेनर्स थे। एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, बीईएल, इंडिगो, एमएंडएम, सन फार्मा, एलएंडटी, टाइटन, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल लूजर्स थे।

मिडकैप और स्मॉलकैप में मिलाजुला कारोबार हो रहा था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 91 अंक या 0.15 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 59,995 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 38 अंक या 0.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,679 पर था।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## ईरान के इरादे अलग

संभवतः पाकिस्तान ने इस सोच के साथ मध्यस्थ बनना स्वीकार किया था कि अमेरिका की शर्तें ही वार्ता का आधार बनेंगी, जिन पर ले-देकर सहमति बन जाएगी। लेकिन ईरान के इरादे अलग हैं। वह आर-पार की लड़ाई के मूड में है। पश्चिम एशिया में युद्ध खत्म कराने के लिए पाकिस्तान की मध्यस्थता किसी नतीजे पर पहुंचती नहीं दिखती। अमेरिका की शर्तें उसने ईरान को बताईं, मगर ईरान ने उसे ठुकराते हुए अपनी जवाबी मांग पाकिस्तान को बता दी। पाकिस्तान उस पर अमेरिका से बातचीत करने की हैसियत में है या नहीं, यह नहीं मालूम। मगर इस बीच उसने अपने यहां तीन अन्य देशों (सऊदी अरब, मिस्र और तुर्किये) के विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित की। समझा जाता है कि उसके नतीजों को लेकर पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार बीजिंग गए। लेकिन वहां जारी साझा बयान से नहीं लगता कि चीन ने उसमें दिलचस्पी दिखाई है।साझा बयान में सामान्य भाषा का इस्तेमाल किया गया है। समझा जाता है कि पाकिस्तान ने चीन से आगे ईरान पर हमला ना होने की गारंटी करने की जिम्मेदारी लेने का अनुरोध किया। मगर फिलहाल चीन ने इस ठुकरा दिया है। दरअसल, पश्चिम एशिया में अमेरिकी अड्डे स्थायी रूप से हटाने, नुकसान का मुआवजा देने, और होरमुज जलडमरूमध्य पर ईरानी संप्रभुता को मान्यता देने की ईरान की मांगों पर कोई रजामंदी जब तक नहीं होती, आगे हमला ना होने की गारंटी कोई नहीं कर सकता। इन मांगों पर बातचीत से सहमति बनेगी, इसकी संभावना न्यूनतम है। अतः लड़ाई तुरंत खत्म होने की कोई सूरत नहीं है।

बेशक, अमेरिका में बढ़ती चुनौतियों के मद्देनजर डॉनल्ड ट्रंप युद्ध से निकलने का रास्ता ढूंढ रहे हैं, मगर लड़ाई में इजराइल भी शामिल है। ईरान की जीत की धारणा को पुष्ट करते हुए वह युद्ध खत्म करने को शायद ही तैयार होगा। दरअसल, ऐसा हुआ तो इजराइल का अस्तित्व खतरे में पड़ता दिखेगा, जिसे अभी चार तरफ से (ईरान, हिज्बुल्लाह, हूती और इराक स्थित पीएमएफ) हमलों को झेलना पड़ रहा है। इसलिए, मध्यस्थता प्रयासों के फिलहाल सफल होने की संभावना कम है। चीन की कूटनीतिक प्रतिक्रिया इसी आकलन का संकेत देती है। संभवतः पाकिस्तान ने इस सोच के साथ मध्यस्थ बनना स्वीकार किया कि अमेरिका की शर्तें ही वार्ता का आधार बनेंगी, जिन पर ले-देकर सहमति बन जाएगी। लेकिन ईरान के इरादे अलग हैं। वह आर-पार की लड़ाई के मूड में है।

## मतदान की प्रक्रिया में गड़बड़ी होती रही

अजीत द्विवेदी


कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने रविवार, 22 मार्च को 'इंडियन एक्सप्रेस' में अपने साप्ताहिक कॉलम में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर में कटने वाले नामों के आंकड़े दिए, उस पर आधारित एक निष्कर्ष निकाला और एक दिलचस्प सवाल उठाया। उन्होंने लिखा कि लाखों वयस्क लोग, औसतन 10 फीसदी, मतदाता सूची से गायब हैं। इसके बाद उन्होंने सवाल उठाया, 'क्या गायब लोग वयस्क हैं, हां। क्या वे लोग नागरिक हैं, हां, जब तक कि इसके उलट कोई बात प्रमाणित नहीं होती है, फिर वे क्यों गायब हैं'? बहुत दिलचस्प है यह सवाल। वे कह रहे हैं कि हर राज्य की वयस्क आबादी में से औसतन 10 फीसदी लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं शामिल किए जा रहे हैं और चूंकि उनको विदेशी या घुसपैठिया भी नहीं बताया जा रहा है फिर उनके नाम क्यों काटे जा रहे हैं?

उनके लेख के साथ आंकड़ों की टेबल है, जिसमें बताया गया है कि एसआईआर से पहले की मतदाता सूची के मुकाबले एसआईआर के बाद की मतदाता सूची में बिहार में छह फीसदी, छत्तीसगढ़ में 12 फीसदी, केरल में साढ़े तीन फीसदी, मध्य प्रदेश में छह फीसदी, राजस्थान में छह फीसदी, तमिलनाडु में साढ़े 12 फीसदी नाम कटे हैं। उन्होंने बताया है कि बिहार में पहले कुल वयस्क आबादी में से 96.7 फीसदी लोगों के नाम मतदाता सूची में थे, जबकि एसआईआर के बाद आई सूची में 90.7 फीसदी लोगों के नाम हैं। यानी वयस्क आबादी में से 9.3 फीसदी लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं। उन्होंने सात राज्यों के आंकड़े दिए हैं।

# पुस्तकें: जो अकेलेपन को भी अपना बना लेती है

कृति आरके जैन

ज्ञान की सबसे प्रखर रोशनी दीपक से नहीं, खुले पन्नों से निकलती है। विचारों के शोर में भटकता मन जब ठहराव चाहता है, तब पुस्तक भीतर नई दुनिया का द्वार खोल देती है। 23 अप्रैल इसी अद्भुत संसार को समर्पित दिन है, जब पुस्तकें केवल वस्तु नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली शक्ति के रूप में सम्मानित होती हैं। यह स्मरण कराता है कि शब्द केवल भाषा नहीं, बल्कि सभ्यता की धड़कन और युगों का अनुभव हैं। हर पुस्तक अनुभव, संघर्ष और कल्पना का दस्तावेज है, जो समय से परे जाकर पीढ़ियों से संवाद करती रहती है। इसी कारण यूनेस्को ने 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस घोषित किया, क्योंकि इसी दिन शेक्सपियर और सर्वेंटेस का निधन हुआ था।पठन केवल आँखों से किया जाने वाला क्रिया नहीं, बल्कि मन और मस्तिष्क की गहराइयों में उतरती एक निरंतर यात्रा है। जैसे-जैसे कोई व्यक्ति पन्नों को पलटता है, वैसे-वैसे वह अपने भीतर भी नई परतों को खोजता चलता है। साहित्य, विज्ञान, इतिहास या दर्शन—प्रत्येक विधा अपने भीतर एक संपूर्ण ब्रह्मांड समेटे होती है। पुस्तकें हमें उन स्थानों तक पहुँचा देती हैं जहाँ हमारा भौतिक अनुभव सीमित होता है, और उन विचारों से परिचित कराती हैं जिनकी कल्पना तक पहले संभव नहीं होती। इसी कारण पठन केवल ज्ञान का विस्तार नहीं करता, बल्कि सोचने की क्षमता को व्यापक बनाता है और दृष्टिकोण को गहराई एवं परिपक्वता प्रदान करता है। पुस्तकें अकेलेपन को भी भीतर से भर देती हैं और मौन को भी एक जीवंत संवाद में बदल देती हैं। जब बाहरी दुनिया थम जाती है, तब उनके शब्द मन के भीतर एक नई, तीव्र और स्पष्ट आवाज़ रचते हैं। वे कभी हमारी ही अनुभूतियों को पहचान देती हैं और कभी उन अनकहे प्रश्नों के उत्तर बन जाती हैं, जिन्हें हम स्वयं भी ठीक से नहीं कह पाते। किसी



### शब्दों से परे एक दुनिया: जहाँ विचार जीवंत हो उठते हैं

कथा का पात्र अचानक प्रेरणा का स्रोत बन जाता है, तो कोई विचार जीवन की दिशा ही मोड़ देता है। इसी कारण पढ़ना केवल आदत नहीं रह जाता, वह भीतर उतरने और स्वयं को नए रूप में देखने की यात्रा बन जाता है। पुस्तकों के साथ बीता हर क्षण आत्म-खोज का अवसर होता है। मुंशी प्रेमचंद की 'गोदान' में ग्रामीण भारत के किसान होरी के संघर्ष का ऐसा सजीव चित्रण मिलता है कि वह केवल कहानी नहीं रह जाती, बल्कि सामाजिक यथार्थ और अन्याय के प्रति पाठक के भीतर गहरी संवेदना जगा देती है।आज का युग पठन को एक नए विस्तार तक ले गया है। ज्ञान अब केवल पुस्तकालयों की सीमाओं में बंद नहीं रहा, बल्कि डिजिटल माध्यमों ने उसे हर व्यक्ति की पहुँच तक पहुँचा दिया है। मोबाइल स्क्रीन, ई-पुस्तकें और श्रव्य पुस्तकें ज्ञान के सहज और आधुनिक स्रोत बन गई हैं। इस बदलाव ने पढ़ने को अधिक सरल, लचीला और समय के अनुकूल बना दिया है। अब व्यक्ति यात्रा में, विश्राम के क्षणों में या रात्रि की शांति में भी अध्ययन कर सकता है। तकनीक ने पुस्तकों को समाप्त नहीं किया, बल्कि उन्हें नए रूपों में फिर से जीवंत कर दिया है, जिससे पठन और अधिक व्यापक व प्रभावी हो गया है।पठन का प्रभाव व्यक्ति की सीमाओं से आगे बढ़कर पूरे समाज की चेतना को आकार देता है। जैसे-जैसे लोग पढ़ते हैं, वैसे-वैसे उनकी समझ गहरी होती जाती है और वे अधिक संवेदनशील, विवेकशील तथा विचारशील बनते हैं। पुस्तकों के माध्यम से विविध संस्कृतियों, विचारधाराओं और जीवनशैलियों को समझने का अवसर मिलता है, जिससे समाज में सहिष्णुता और स्वीकार्यता की भावना मजबूत होती है। एक पढ़ा-लिखा समाज जल्दबाज़ी में निर्णय नहीं लेता, बल्कि तर्क, अनुभव और समझ के आधार पर आगे बढ़ता है। इस प्रकार पुस्तकें केवल ज्ञान का विस्तार नहीं करतीं, बल्कि एक संतुलित, जागरूक और प्रगतिशील समाज की आधारशिला भी रखती हैं।शब्दों की शक्ति जब विचारों का रूप लेकर समाज की दिशा बदलने लगती है, तब रचनाकारों का योगदान और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। यह दिवस उन सृजनशील लेखकों के सम्मान का अवसर है, जो अपने अनुभव, कल्पना और संवेदना को शब्दों में ढालकर नई दृष्टि प्रदान करते हैं। कॉपीराइट जैसी व्यवस्थाएँ उनकी रचनात्मकता की रक्षा करती हैं और उन्हें उनके कार्य का उचित एवं न्यायसंगत सम्मान सुनिश्चित करती हैं। डिजिटल युग में, जहाँ सामग्री का प्रसार अत्यंत तीव्र गति से होता है, वहाँ ऐसी सुरक्षा और भी आवश्यक हो जाती है। यह केवल एक कानूनी व्यवस्था नहीं, बल्कि रचनात्मकता के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी और सम्मान का प्रतीक है।पुस्तकें जीवन के हर चरण में समान रूप से साथ निभाने वाली सच्ची मार्गदर्शक होती हैं। बाल्यावस्था में वे कल्पना को पंख देती हैं, युवावस्था में लक्ष्य और दिशा प्रदान करती हैं, और वृद्धावस्था में स्मृतियों एवं अनुभवों को फिर से जीवंत कर देती हैं। गाँव हो या शहर, समृद्ध परिवेश हो या साधारण जीवन—पुस्तकों की पहुँच सभी के लिए समान अवसर का द्वार खोलती है। वे यह बोध कराती हैं कि जीवन केवल जीने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि उसे समझने, जानने और निरंतर सीखते रहने की यात्रा है। पठन मनुष्य को भीतर से सशक्त बनाता है और कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, आत्मबल तथा आशा बनाए रखने की क्षमता प्रदान करता है।पुस्तकों का महत्व किसी सीमा में नहीं बाँधा जा सकता, क्योंकि वे समय से परे जाकर मनुष्य के भीतर ज्ञान और चेतना का निरंतर विस्तार करती रहती हैं। हर पृष्ठ एक नई दृष्टि और नया विचार देता है, जो जीवन को अधिक अर्थपूर्ण और संतुलित बनाता है। पठन व्यक्ति को केवल सूचनाएँ नहीं देता, बल्कि उसे भीतर से अधिक जागरूक, विचारशील और संवेदनशील बनाता है। 23 अप्रैल का यह दिन हमें स्मरण कराता है कि पुस्तकें जीवन की सच्ची मार्गदर्शक हैं, जो हमारी सोच को विस्तार देती हैं और अस्तित्व को समृद्ध करती हैं। इसलिए पठन को केवल एक आदत नहीं, बल्कि जीवन का अनिवार्य और सतत हिस्सा बनाना चाहिए।

# ट्रैक से संसद तक: क्यों भारत के भविष्य का नेतृत्व महिलाओं को करना चाहिए

डॉ. पी टी ऊषा

मैंने अपना पूरा जीवन भागदौड़ में ही बिताया है, पहले केरल की कच्ची सड़कों पर, फिर वैश्विक मंचों पर और अब सार्वजनिक जीवन के गलियारों में। हर कदम पर मुझे कई मुश्किलो का सामना करना पड़ा है, कुछ प्रत्यक्ष और कुछ अनकही बाधाओं का भी, जिन्होंने महिलाओं को यह बताया कि उनका यहाँ कोई स्थान नहीं है। मैंने यह भी देखा है कि जब ये बाधाएं टूटने लगती हैं तो क्या होता है। अवसर परिणामों को बदल देता है और इससे भी ज़रुरी बात यह है कि यह लोगों की सोच को बदल देता है।

यही कारण है कि संविधान (एक सौ अट्ठाईसवाँ संशोधन) विधेयक, 2023—नारी शक्ति वंदन अधिनियम—केवल एक विधायी उपलब्धि नहीं है। यह एक लंबे समय से प्रतीक्षित संरचनात्मक सुधार है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करना न तो कोई रियायत है और न ही दिखावा। यह अधिक प्रतिनिधि और प्रभावी लोकतंत्र की दिशा में एक ज़रुरी कदम है।

खेलों ने हमें क्या सिखाया है

जब मैंने 1984 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में हिस्सा लिया और कुछ ही सेकंड के अंतर से पदक से चूक गई, तब बहुत कम भारतीय लड़कियां थीं, जो वैश्विक मंच पर खुद को देख पाती थीं। लेकिन पिछले कई दशकों में यह स्थिति बदली है। प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे और पहचान तक पहुंच में सुधार के साथ, भारतीय महिलाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता हासिल करने लगीं है।

पी.वी. सिंधु, मीराबाई चानू, विनेश फोगाट और मैरी कॉम जैसी एथलीटें अकेले नहीं उभरीं। वे एक ऐसी व्यवस्था का परिणाम हैं, जिसने धीरे-धीरे ही सही, पहुंच को व्यापक बनाना शुरू किया। प्रतिनिधित्व आकांक्षाएं पैदा करता है और आकांक्षा, जब समर्थित होती है, तो उपलब्धि दिलाती है।

सबक साफ है। जब महिलाओं को स्थान दिया जाता है, तो वे व्यवस्था में केवल भाग नहीं लेतीं, वे शानदार प्रदर्शन भी कर दिखाती हैं।

हर भारतीय के लिए बेहतर शासन

भारत में जमीनी स्तर पर महिलाओं के नेतृत्व का प्रभाव पहले ही देखा जा चुका है। 73वें संवैधानिक संशोधन द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू किए जाने के बाद से, विभिन्न राज्यों में किए गए कई अध्ययनों से पता चला है कि महिला प्रतिनिधियों के नेतृत्व वाले क्षेत्रों में पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में सुधार हुआ है। ये महज़ महिलाओं के मुद्दे नहीं हैं, बल्कि ये राष्ट्रीय प्राथमिकताएं हैं। महिला नेता अक्सर सुरक्षित सार्वजनिक स्थान, सुचारू रूप से चलने वाले स्कूल, पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी शासन से जुड़ी उन रोजमर्रा की चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जो परिवारों और समुदायों को सीधे तौर पर प्रभावित करती हैं। इस प्रतिनिधित्व को राज्य विधानसभाओं और संसद तक विस्तारित करना केवल निष्पक्षता की बात नहीं है। यह शासन की गुणवत्ता में सुधार से जुड़ा है।

**प्रतिनिधित्व का आर्थिक महत्व**

भारत में महिला श्रम बल की भागीदारी विश्व में सबसे कम है, जो लगभग 25 प्रतिशत के आसपास है। यह केवल एक सामाजिक चिंता नहीं, बल्कि एक आर्थिक समस्या भी है।

विधानसभाओं में महिलाओं का अधिक प्रतिनिधित्व उन नीतियों को प्राथमिकता देने में मदद कर सकता है, जो इस अप्रयुक्त क्षमता को उजागर करती हैं, जैसे किफायती बाल देखभाल, सुरक्षित कार्यस्थल, ऋण तक पहुंच और महिला उद्यमियों के लिए समर्थन। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट का अनुमान है कि लैंगिक समानता को बढ़ावा देने से भारत की जीडीपी में 700 बिलियन डॉलर तक की वृद्धि हो सकती है।

अधिक समावेशी संसद न केवल एक लोकतांत्रिक आवश्यकता है, बल्कि एक आर्थिक अनिवार्यता भी है।

**सुरक्षा, गरिमा और भागीदारी**

भारत भर में लाखों महिलाओं के लिए, सार्वजनिक जीवन में भागीदारी अभी भी सुरक्षा, भेदभाव और असमान पहुंच की चिंताओं से प्रभावित है। चाहे खेल हो, शिक्षा हो या कार्यस्थल, ये समस्याएं हमारे समाज में गहराई से जड़ें जमा चुकी हैं।

संसद में अधिक महिलाओं का मतलब है कि कानून और नीतियां महज़ समझ से नहीं, बल्कि वास्तविक जीवन की हकीकत से आकार लेती हैं। इसका मतलब है प्रवर्तन के लिए मजबूत वकालत, सहायता प्रणालियों के लिए संसाधनों का बेहतर आवंटन और एक न्याय ढांचा, जो उत्तरदायी और सुलभ हो।शासन तभी अधिक प्रभावी होता है, जब वह उन लोगों के अनुभवों को दर्शाता है, जिनकी वह सेवा करता है।

**प्रतिनिधित्व और आकांक्षाओं की शक्ति**

भारत में सत्ता की छवि लंबे समय से मुख्य रूप से पुरुष प्रधान रही है। उस छवि को बदलना केवल प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि यह एक बदलावकारी प्रक्रिया है।जब मणिपुर, झारखंड, राजस्थान या भारत के किसी भी हिस्से की कोई युवती अपने जैसी दिखने वाली, अपने जैसी बोलने वाली और समान पृष्ठभूमि से आने वाली किसी महिला को देश के कानूनों को आकार देते हुए देखती है, तो यह सिर्फ प्रेरणा ही नहीं देता, बल्कि यह संभावनाओं के प्रति उसके विश्वास को भी बदल देती है।

आकांक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का आधार है।




मेष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। बिजनेस के लेन-देन में ख्याल रखें, पहले सब कुछ अच्छे से जांच परख लें। इस राशि की जो महिलाएं उद्योग शुरू करना चाहती हैं उनको परिवार से पूरा सपोर्ट मिलेगा। आपकी बातों से किसी की भावनाओं को ठेस न पहुचे इस बात का ख़ास ख्याल रखेंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। वर्क फ्रॉम होम कर रहे लोगों का रुका हुआ काम आज कम्पलीट हो जाएगा, आप काम के नए टारगेट बनायेंगे। होल-सेल का व्यापार कर रहे लोगों को आज अधिक मुनाफा होगा। जो लोग फिल्म जगत से जुड़े हैं उनको काम का अच्छा ऑफर मिल सकता है। आज हेल्थ से रिलेटेड प्रॉब्लम्स खत्म होने से एनर्जेटिक रहेंगे और काम करने में आपका मन लगा रहेगा। धन लाभ के योग बन सकते हैं।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर से बातचीत करेंगे। आज अपने जीवनसाथी को किसी मामूली बात पर डांटने की बजाए विनम्रता से समझाएंगे तो रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। माताएं अपने बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए कुछ ठोस कदम भी उठा सकती हैं।

कर्क राशि: आज आपका दिन बेहतर रहेगा। दूर दराज के लोगों से संपर्क बनाकर बिजनेस करना लाभकारी रहेगा, आपके जीवनसाथी का साथ और प्यार आपके दांपत्य जीवन को मजबूत करेगा। इस राशि के जो वकील हैं आज किसी पुराने केस में जीत मिलेगी और साथ ही नया केस भी मिल सकता है। पिछले कई दिनों से रुका हुआ काम आज शुरू करने से आपको सफलता मिलेगी।

सिंह राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। इस राशि कि जो लोग संगीत के क्षेत्र में रुझान रखते हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है, फिल्म इंडस्ट्री से ऑफर भी आ सकता है। किसी करीबी रिश्तेदार के आने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। छात्र आज अपने करियर को लेकर गुरु से परामर्श लेंगे तो समस्या का समाधान हो जाएगा।

कन्या राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। पारिवारिक मामलों में आज आपकी सलाह कारगर साबित होगी। आप जिस भी काम को करेंगे वह काम निश्चित रूप से पूरा हो जाएगा। समाज में आप अपनी ताकत और प्रतिष्ठा से पहचाने जाएंगे।

तुला राशि: आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज ऑफिस के काम से आपकी यात्रा हो सकती है, यह यात्रा आपके लिए लाभदायक साबित होगी, इस यात्रा के दौरान आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिसकी बातों से आपको नई सीख मिलेगी। इस राशि के जो स्टूडेंट हैं उनको एग्जाम से रिलेटेड अच्छा समाचार मिल सकता है।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन मिलाझुला अनुभव देने वाला रहेगा। आपका काम जो बहुत दिन से रुका हुआ था वो आज पूरा हो जाएगा। इस काम में आपको जीवनसाथी का भी सहयोग मिल सकता है। इस राशि के जो लोग लोहे के व्यापार से जुड़े हैं उनको ज्यादा लाभ के योग हैं।

धनु राशि: आज आपका दिन एक नई उमंग लेकर आया है। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनको ज्यादा प्रसिद्धि मिलेगी। आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में जायेंगे, जहां पर लोगों पर आपकी बातो से अच्छा इंप्रेशन पड़ेगा। आज आप परिवार के सदस्यों की जरूरतों को पूरा करने में कामयाब होंगे। आपका सम्मान बढ़ जाएगा। लोगों को तेजी से परखने की क्षमता आपको आने वाली परेशानियों से दूर करेगी।

मकर राशि: आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। आज रुका पैसा आपको मिल जाएगा। इससे आपको अपने खर्चों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस राशि के जो लोग आर्किटेक के क्षेत्र से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन कुछ सीखने का है। आज आपके पास आराम के लिए कम समय रहेगा क्योंकि पहलें के टाले काम को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

कुम्भ राशि: आज आपका का दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप किसी धार्मिक समारोह मे शामिल होंगे, आपके द्वारा समाज में किए गए कार्यों से आपका सम्मान बढ़ेगा इससे आपको गर्व होगा। इस राशि की जो महिलाएं वर्क फ्रॉम होम करना चाहती हैं उनके लिए आज का दिन शुभ है, आपको जल्द ही अच्छा लाभ मिलेगा।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए बेहद ख़ास पल लेकर आया है। आज आप किसी योजनाके बारे में अपने उच्चाधिकारी से बात करेंगे,आपकी जो भी समस्या है उसका सॉल्यूशन मिल जाएगा। आज दोस्तों के साथ अपने रवैए पर कंट्रोल करने की जरूरत है।

# पानी ढोती ज़िंदगियाँ: 'वॉटर वाइफ' और ग्रामीण भारत की सच्चाई

[पानी, पीड़ा और परिवर्तन: भारत के जल संकट का सामाजिक चेहरा]

[जब विवाह का कारण प्यार नहीं, प्यास बन जाए 'वॉटर वाइफ' भारत]

प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

भारत जल संकट की उस निर्णायक सीमा पर खड़ा है, जहाँ पानी की घटती उपलब्धता आने वाले समय की गंभीर चेतावनी बन चुकी है। नीति आयोग और केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, 2021 में देश में प्रति व्यक्ति वार्षिक जल उपलब्धता लगभग 1486 घन मीटर थी, जो 2031 तक घटकर 1367 घन मीटर रहने का अनुमान है। यदि यही प्रवृत्ति जारी रही, तो 2050 तक यह आंकड़ा 1140 घन मीटर तक पहुँच सकता है, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार गंभीर जल दुर्लभता की स्थिति है। 1700 घन मीटर से कम उपलब्धता को जल तनाव और 1000 घन मीटर से नीचे को जल संकट माना जाता है। लगभग 60 करोड़ लोग पहले ही उच्च से अत्यधिक जल तनाव में जी रहे हैं, और इसका कारण जनसंख्या वृद्धि, भूजल का अत्यधिक दोहन, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और असमान वितरण है। पानी की कमी का सबसे गहरा और मौन बोझ महिलाओं और लड़कियों पर पड़ता है। ग्रामीण भारत में जल लाने की जिम्मेदारी लगभग पूरी तरह महिलाओं के हिस्से आती है। महाराष्ट्र के सूखा प्रभावित क्षेत्रों, खासकर ठाणे जिले के डेंगनमल जैसे गांवों में 'वॉटर वाइफ' या 'पानी बाई' जैसी कठोर सामाजिक व्यवस्था इसका सबसे तीखा उदाहरण है। यहाँ पानी की कमी इतनी चरम है कि पुरुष अधिक पानी जुटाने के लिए बहुविवाह तक अपनाते हैं, ताकि महिलाओं को पानी ढोने के काम में लगाया जा सके। महिलाएं रोज 5 से 10 किलोमीटर चलकर 15-20 लीटर पानी सिर पर ढोती हैं, जिससे उनकी पीठ, गर्दन और जोड़ों में लगातार दर्द, कमजोरी और कुपोषण सामान्य हो जाता है। गर्भवती महिलाओं के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक बन जाती है। जल संकट केवल शरीर को थकाता नहीं, बल्कि लड़कियों के सपनों और शिक्षा की बुनियाद को भी धीरे-धीरे कमजोर करता है। जब पानी का स्रोत घर से दूर होता है, तो कई परिवार मजबूरी में बेटियों को स्कूल भेजने की बजाय पानी लाने के काम में लगा देते हैं। सूखे के समय स्कूलों में लड़कियों की उपस्थिति तेजी से घट



जाती है। स्वच्छ जल और शौचालय की कमी मासिक धर्म स्वच्छता को और कठिन बना देती है, जिससे कई किशोरियां पढ़ाई बीच में ही छोड़ देती हैं। यह स्थिति लैंगिक असमानता को और गहरा और स्थायी बनाती है। साथ ही, दूर-दराज पानी लेने जाना कई बार सुरक्षा जोखिम और हिंसा की आशंका बढ़ा देता है, जिससे उनका आत्मविश्वास, स्वतंत्रता, शिक्षा और अवसर—चारों सीमित हो जाते हैं।इस गहरे संकट के बीच सबसे मजबूत उम्मीद की किरण उन्हीं हाथों से उभर रही है, जो सबसे अधिक पीड़ा झेल चुके हैं। जो महिलाएं कभी पानी के लिए लंबी दूरी तय करने को मजबूर थीं, आज वही बदलाव की अगुवाई कर रही हैं। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में दलित और पिछड़ी समुदायों की महिलाएं 'जल सहेली' और 'पानी की दीदी' बनकर पुराने कुओं, तालाबों और पारंपरिक जल स्रोतों को फिर से जीवित कर रही हैं। वे वर्षा जल संचयन, तालाबों की सफाई और स्थानीय जल संरचनाओं के पुनर्निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। कई स्थानों पर महिलाएं छोटे जल भंडारण ढांचे बनाकर खेती, पशुपालन और घरेलू जरूरतों को मजबूत आधार दे रही हैं। अब वे केवल पानी लाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जल प्रबंधन, गुणवत्ता निगरानी और सामुदायिक नेतृत्व की जिम्मेदारी भी संभाल रही हैं, जो बदलाव की एक नई और सशक्त दिशा दिखाता है।जल जीवन मिशन ने सरकारी स्तर पर ग्रामीण भारत की जल आपूर्ति व्यवस्था में उल्लेखनीय और ठोस बदलाव किया है। 2019 में जहाँ केवल 3.23 करोड़ यानी 16.7 प्रतिशत ग्रामीण घरों तक नल कनेक्शन पहुँचा था, वहीं मार्च 2026 तक यह संख्या बढ़कर 15.82 करोड़ घरों यानी 81.71 प्रतिशत तक पहुँच गई है। इस अवधि में लगभग 12.58 करोड़ नए घरों तक नल से जल उपलब्ध कराया गया है। इसका सीधा प्रभाव महिलाओं के जीवन पर पड़ा है, क्योंकि जो समय पहले रोज़ पानी ढोने में खर्च होता था, वह अब काफी हद तक बच रहा है। स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों तक भी जल आपूर्ति में सुधार हुआ है, जिससे बुनियादी सुविधाएँ मजबूत हुई हैं। फिर भी, देश अभी भी लगभग 85 प्रतिशत भूजल पर निर्भर है और अपशिष्ट जल प्रबंधन की चुनौती गंभीर बनी हुई है। 2026 में सच्चा परिवर्तन तभी संभव होगा जब जल संकट को केवल तकनीकी चुनौती नहीं, बल्कि सामाजिक और लैंगिक प्रश्न के रूप में समझा जाए। जल प्रबंधन की नीति और निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं को केंद्र में रखना अनिवार्य है। ग्राम स्तर की जल समितियों में उनकी नेतृत्व भूमिका सुनिश्चित करनी होगी, ताकि योजनाएँ जमीनी जरूरतों से जुड़ सकें। वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण और अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण को बड़े पैमाने पर अपनाना अब समय की मांग है। साथ ही जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों को देखते हुए सूखा और बाढ़ दोनों से निपटने के लिए एकीकृत रणनीति विकसित करनी होगी। शिक्षा व्यवस्था में जल संरक्षण को शामिल करना भी आने वाली पीढ़ियों में जागरूकता और जिम्मेदारी विकसित करने के लिए जरूरी है। अंतिम सच्चाई यही है कि भारत का जल संकट केवल पानी की कमी की कहानी नहीं, बल्कि गहरी सामाजिक असमानता और महिलाओं के अदृश्य श्रम का प्रतिबिंब है। 'वॉटर वाइफ' जैसी कठोर हकीकतों से लेकर सूखे कुओं को फिर से जीवित करती दलित महिलाओं तक, यह साफ दिखाई देता है कि संकट की सबसे तीखी मार भी महिलाएं झेलती हैं और समाधान की दिशा भी वे ही दिखाती हैं। यदि 2026 में ठोस नीतिगत, सामाजिक और सामुदायिक कदम उठाए जाएँ, तो 2050 के संभावित जल दिवालियापन को टाला जा सकता है। पानी बचाना केवल संसाधन संरक्षण नहीं, बल्कि समानता, सम्मान और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने की निर्णायक जिम्मेदारी है।

# कांतारा अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत का मिस्ट्री वाला वैनिटी पोस्ट, अगला कदम क्या है, सब कंफ्यूज़!



अपने करियर के दमदार फेज़ के बाद, रुक्मिणी वसंत ने एक ऐसा क्रि प्टिक सोशल मीडिया पोस्ट डाला है कि इंडस्ट्री में हलचल मच गई है- थोड़ा सा टीज़, लेकिन असली राज़ पूरी तरह सीक्रेट! हाल ही में एक्टर ने अपनी वैनिटी से एक शांत सा, बिहाइंड-द-सीन्स झलक शेयर की, जो साफ-साफ तो कुछ नहीं बताती, लेकिन सेट पर होने का हिंट ज़रूर देती है। फोटो खुद में सिंपल थी, लेकिन टाइमिंग ऐसी कि फैंस और इंडस्ट्री वाले दोनों ही डिटेक्टिव मोड में चले गए—आखिर ये किस प्रोजेक्ट की शूटिंग चल रही है? रुक्मिणी की ये उड़ान उनके हालिया परफॉर्मेंस की जबरदस्त तारीफ के बाद और तेज़ हो गई है, जिसे उनके करियर का टर्निंग पॉइंट माना जा रहा है। स्क्रीन पर उनकी पकड़ ने उन्हें साउथ इंडियन सिनेमा की सबसे एक्साइटिंग टैलेंट्स में शामिल कर दिया है। उनके सबसे चर्चित प्रोजेक्ट्स में से एक है टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स, जिसमें वो यश के साथ नज़र आएंगी और डायरेक्शन है गीतू मोहनदास का।

फिल्म में रुक्मिणी 'मेलिसा' का किरदार निभा रही हैं—एक ऐसा कैरेक्टर जो रहस्यमयी है, इमोशनल लेयर्स से भरा है और कहानी के डार्क, फेयरीटेल जैसे वर्ल्ड का अहम हिस्सा है। फिल्म 4 जून 2026 को रिलीज़ होने वाली है। इसके अलावा, वो जूनियर एनटीआर के साथ एनटीआरनील में भी दिखाई देंगी, जो प्रशांत नील द्वारा डायरेक्टेड एक एक्शन ड्रामा है।

इस पीरियड फिल्म में उनका रोल फीमेल लीड के तौर पर कन्फर्म हो चुका है। कन्नड़ सिनेमा में भी रुक्मिणी ने केवीएन प्रोडक्शन्स के साथ एक अनटाइटल्ड फिल्म साइन की है, जिसे हेमंत एम. राव डायरेक्ट कर रहे हैं—ये उनकी तीसरी कोलैबोरेशन होगी 'सप्त सागरदाचे एलो' के बाद। फिलहाल, रुक्मिणी ने अपने पत्ते छुपा कर रखे हैं—बस एक छोटी सी वैनिटी झलक से सबको सस्पेंस में डाल दिया हैज् और अब सबकी नज़र बस इसी पर है—आगे क्या?

# भूत बंगला बॉक्स ऑफिसः मंडे टेस्ट में स्लो, फिर भी अक्षय कुमार की फिल्म ने पार किया वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा

भूत बंगला की बॉक्स ऑफिस रफ्तार थोड़ी धीमी हुई, लेकिन शानदार ओपनिंग वीकेंड के बाद फिल्म की पकड़ अभी भी मजबूत बनी हुई है. अक्षय कुमार स्टारर इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में चौथे दिन उम्मीद के मुताबिक गिरावट आई, लेकिन इसने वैश्विक स्तर पर एक बड़ा मील का पत्थर पार कर लिया. पेड प्रीव्यू से लेकर पहले सोमवार तक शानदार कमाई करने के बाद, फिल्म ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ी क्लब में प्रवेश कर लिया है, जिससे सिनेमाघरों में इसकी मजबूत पकड़ और भी पुख्ता हो गई है.



फिल्म ने गुरुवार को पेड प्रीव्यू से अपनी कमाई शुरू की और 3.75 करोड़ रुपये कमाए. इसके बाद, पहले दिन (शुक्रवार) को इसने 12.25 करोड़ रुपये की अच्छी ओपनिंग की. दूसरे दिन (शनिवार) को कलेक्शन में शानदार उछाल आया और इसने 19.00 करोड़ रुपये कमाए, जिसके बाद तीसरे दिन (रविवार) को 23.00 करोड़ रुपये के साथ अब तक का सबसे अधिक एक दिवसीय कलेक्शन दर्ज किया गया।

हालांकि, उम्मीद के मुताबिक, पहले कामकाजी दिन में कमाई में गिरावट आई. चौथे दिन (सोमवार) को, भूत बंगला ने भारत में 10,984 शो में 6.75 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया. यह रविवार की तुलना में 70.7 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है, जो सप्ताहांत में अच्छी कमाई के बाद फिल्मों के लिए आम बात है. इन आंकड़ों के साथ, भारत में कुल कलेक्शन अब तक 64.75 करोड़ रुपये है. चार दिनों के बाद भारत में कुल कमाई 77.34 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है. सोमवार की गिरावट के बावजूद, फिल्म के कुल आंकड़े सप्ताहांत में दर्शकों की फुटफॉल और पारिवारिक दर्शकों के कारण मजबूत होने का संकेत देते हैं।

ओवरसीज कमाई ने भी फिल्म की कमाई बढ़ाने में अहम योगदान दिया. चौथे दिन, भूत बंगला ने ओवरसीज से 2.50 करोड़ रुपये कमाए. इससे फिल्म की कुल विदेशी कमाई 29.00 करोड़ रुपये हो गई. घरेलू और विदेशी प्रदर्शन को मिलाकर, फिल्म की वैश्विक कमाई अब 102.05 करोड़ रुपये हो गई है. इस तरह फिल्म ने रिलीज के चार दिनों के भीतर ही वैश्विक स्तर पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है।

इस उपलब्धि में ओपनिंग वीकेंड के प्रदर्शन का अहम योगदान रहा. फिल्म ने शनिवार और रविवार को जबरदस्त कमाई की, जिसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया और अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन के एक दशक से अधिक समय बाद पुनर्मिलन से जुड़ी पुरानी यादों का समर्थन मिला. एक समय फिल्म ने बुकमाईशो पर प्रति घंटे 32.65 हजार टिकटों की बिक्री का रिकॉर्ड बनाया, जो अक्षय कुमार की किसी फिल्म के लिए प्रति घंटे सबसे अधिक टिकट बिक्री का रिकॉर्ड है.रिकॉर्ड के लिहाज से, भूत बंगला ने महामारी के बाद अभिनेता के लिए सबसे बड़े ओपनिंग वीकेंड में से एक दर्ज किया है. यह अब उनकी सबसे सफल वीकेंड ओपनिंग फिल्मों में से एक है, जो कुछ बड़ी फिल्मों से ही पीछे है. फिल्म को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया कॉमेडी जॉनर में अभिनेता की वापसी का संकेत भी देती है.बॉक्स ऑफिस पर फिल्म को कड़ी टक्कर मिल रही है, खासकर रणवीर सिंह की धुरंधर 2 से. इसके बावजूद, भूत बंगला ने अपनी अलग पहचान बनाई है, खासकर पारिवारिक दर्शकों और हॉरर-कॉमेडी के प्रशंसकों के बीच.प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित, भूत बंगला की कहानी अक्षय कुमार द्वारा अभिनीत अर्जुन आचार्य के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी बहन की शादी एक भूतिया पुश्तैनी हवेली में भव्य तरीके से आयोजित करने की योजना बनाता है. कहानी में हास्य और अलौकिक उथल-पुथल का मिश्रण देखने को मिलता है. फिल्म में वामिका गब्बी, परेश रावल, राजपाल यादव, मिथिला पालकर, असरानी और अन्य कलाकारों सहित कई प्रतिभाशाली कलाकार हैं।

# मुनमुन दत्ता ने बताया समर मॉर्निंग रूटीन का राज, पेट की सेहत के लिए शेयर किए खास देसी ड्रिंक



गर्मियों का मौसम आते ही लोग अपनी सेहत को लेकर ज्यादा सतर्क हो जाते हैं। खासतौर पर इस मौसम में पाचन संबंधी परेशानियां ज्यादा होती हैं, इसलिए खानपान पर ध्यान देना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में कई सेलेब्रिटीज भी अपने हेल्दी रूटीन को फैंस के साथ साझा करते रहते हैं। इसी कड़ी में टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री मुनमुन दत्ता ने अपने समर मॉर्निंग रूटीन की एक झलक सोशल मीडिया पर शेयर की, जो अब खूब चर्चा में है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा में बबीता का किरदार निभाकर घर-घर में पहचान बना चुकीं मुनमुन दत्ता ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि वह सुबह की शुरुआत किस तरह से करती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी एक वीडियो और कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिनमें उनके हेल्दी नाश्ते की झलक देखने को मिल रही है। इस पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैंने सुबह के लिए एक ऐसी ड्रिंक तैयार की है, जो पेट की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है और शरीर को अंदर से मजबूत बनाती है।

वीडियो में देखा जा सकता है कि मुनमुन छाछ से कुछ बना रही हैं, जिसे वह पेट की सेहत के लिए बेहतरीन ड्रिंक बता रही हैं। इसे बनाते समय उन्होंने उसमें बारीक कटा हुआ प्याज और हरा धनिया समेत कई चीजों को मिलाया।

इसके अलावा, मुनमुन ने एक तस्वीर के जरिए एक और खास ड्रिंक के बारे में जानकारी दी, जिसे रागी अंबली कहा जाता है। उन्होंने कैप्शन में बताया, यह देसी पेय पाचन को बेहतर बनाता है। साथ ही यह गर्मियों में शरीर को ठंडक पहुंचाने का भी काम करता है। यह शरीर को हल्का महसूस कराता है।

मुनमुन दत्ता अपने फिटनेस के लिए जानी जाती हैं। वह अक्सर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर व्यायाम और योग से जुड़े वीडियो और तस्वीरें साझा करती रहती हैं। उनका मानना है कि फिट रहने के लिए एक्सरसाइज के साथ-साथ सही खानपान भी उतना ही जरूरी है। फैंस भी उनके इस हेल्दी लाइफस्टाइल को काफी पसंद करते हैं।

# फिल्म चांद मेरा दिल का नया गाना ऐतबार जारी प्यार में तड़पे अनन्या और लक्ष्य लालवानी



अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की आगामी फिल्म चांद मेरा दिल जैसे-जैसे अपनी रिलीज के करीब आ रही है, इसने लोगों का ध्यान आकर्षित करना शुरू कर दिया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। फिल्म का टीजर और टाइटल ट्रैक जारी हो चुका है। अब इसका दूसरा गाना ऐतबार जारी किया गया है। फहीम अबदुल्ला की आवाज में यह गाना दर्द, तड़प और गहन भावनाओं से भरपूर है।फिल्म के टाइटल ट्रैक के बाद, ऐतबार को दूसरी बार फहीम ने अपनी भावपूर्ण आवाज दी है। जुनूनी प्यार में दिल तोड़ने वाला यह गाना सचिन-जिगर द्वारा संगीतबद्ध और अमिताभ भट्टाचार्य द्वारा लिखित है। मेकर्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने का क्लिप पोस्ट किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, आज तो इश्क दा नाम बदलकर रख दे यार तबाइयांवे। सॉन्ग ऐतबार रिलीज हो गया है। इस गाने के बोल फहीम अब्दुल्ला ने अपनी शानदार आवाज में गाया है, जबकि अमिताभ भट्टाचार्य ने इसके बोल लिखे हैं और सचिन-जिगर ने संगीत तैयार किया है। यह फिल्म कॉलेज के दिनों के हल्के-फुल्के रोमांस से शुरू होती है और धीरे-धीरे एक गहरी तथा दुखभरी प्रेम कहानी में बदल जाती है। फिल्म में संगीत और भावनाओं की गहराई बहुत ज्यादा है।

### धनुष और मृणाल ठाकुर की फिल्म में बनेगी जोड़ी? ये जानकारी कर देगी खुश

सुपरस्टार धनुष फिलहाल आगामी पैन-इंडिया फिल्म कारा को लेकर चर्चा में हैं, जो 30 अप्रैल को रिलीज होगी। हाल ही में, फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ था, जिसमें अभिनेता का एक्शन अवतार देखकर उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। अब ताजा जानकारी फैंस की उत्सुकता को दोगुनी कर देगी, क्योंकि खबर है कि धनुष ने अपनी अगली फिल्म के लिए कहानी तय कर ली है। दिलचस्प बात यह है कि इस महिला प्रधान केंद्रित फिल्म में मृणाल ठाकुर हो सकती हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में मृणाल मुख्य अभिनेत्री का किरदार निभाने के लिए बातचीत कर रही हैं। प्रोडक्शन टीम ने कहानी को महिला प्रधान बताया है और कहा कि इसमें नायिका के लिए एक दमदार भूमिका है। खबरों के अनुसार, टीम और मृणाल के बीच बातचीत आखिरी चरण में है, जल्द ही आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी।

# जूनियर एनटीआर फैंस के लिए डबल सेलिब्रेशन, एनटीआरनील की नई रिलीज डेट आउट, 20 मई को आएगी फिल्म से पहली झलक

एनटीआरनील 2027 की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक होने वाली है. मनोरंजन की दुनिया की दो बड़ी ताकतें मैन ऑफ द मासेज जूनियर एनटीआर और केजीएफ व सालार के डायरेक्टर प्रशांत नील जब एक साथ आ रहे हैं, तो यह तय है कि दर्शकों को पर्दे पर एक अनोखा और भव्य सिनेमाई अनुभव देखने को मिलेगा.

जब से एनटीआरनील का ऐलान हुआ है, यह सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बनी हुई है. भारतीय सिनेमा की दो सबसे बड़ी ताकतों, जूनियर एनटीआर और प्रशांत नील का साथ आना ही इसे 2027 की सबसे बड़ी फिल्मों की कतार में खड़ा कर देता है. बढ़ते उत्साह के बीच, मेकर्स ने एक बेहद रोमांचक पोस्टर जारी किया है और फिल्म की पहली झलक को लेकर बड़ी घोषणा की है, जो एनटीआर के जन्मदिन पर 20 मई को रिलीज होगी.

पोस्टर में एनटीआर का स्टाइल और पावरफुल अवतार फिल्म को लेकर बनी चर्चा को और भी बढ़ा रहा है. 20 मई को आने वाली पहली झलक के साथ फिल्म का क्रेज सातवें आसमान पर पहुंच गया है. एनटीआर के जन्मदिन के मौके पर रिलीज होने वाली यह झलक उन लाखों फैंस के लिए



एक खास तोहफा होगी जो उन्हें बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

इसके अलावा, इस फिल्म के लिए एनटीआर के जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन ने सबको हैरान कर दिया है. उनके इस नए लुक की तस्वीरें पहले ही वायरल हो चुकी हैं और फैंस के बीच तहलका मचा रही हैं. उन्हें इस तरह के लुक में पहले कभी नहीं देखा गया, जिसने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है.

एनटीआर नील को प्रशांत नील की अब तक की सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी फिल्म बताया जा रहा है, जो एक शानदार सिनेमाई अनुभव का वादा करती है. केजीएफ और सालार जैसी बैक-टू-बैक ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के बाद, फैंस यह देखने के लिए बेताब हैं कि प्रशांत नील अब क्या नया लेकर आएंगे. मैन ऑफ द मासेज जूनियर एनटीआर के साथ उनका यह तालमेल भारतीय सिनेमा के सबसे ताकतवर मेल में से एक माना जा रहा है.

फिल्म के ऐलान के बाद से ही इसे लेकर जबरदस्त हलचल है और फैंस हर छोटे अपडेट का इंतजार कर रहे हैं. दो इतने बड़े नामों के साथ आने से यह फिल्म साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक बन गई है और हर कोई यह देखने को उत्सुक है कि यह मेगा कोलैबोरेशन बड़े पर्दे पर क्या कमाल दिखाता है.

प्रशांत नील के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में एनटीआर लीड रोल में हैं. फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और एनटीआर आर्ट्स के बैनर तले किया जा रहा है।

# गर्मियों के दौरान दस्त से राहत पाने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, नहीं होगी असुविधा

गर्मियों में दस्त एक आम समस्या है, जो गर्मी के कारण होने वाले कीटाणु या वायरस से होती है। इसमें पेट दर्द, दस्त, और कभी-कभी उल्टी भी हो सकती है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप गर्मियों के दौरान दस्त से बच सकते हैं और स्वस्थ रह सकते हैं। इन सुझावों को अपनाकर आप अपने शरीर को तरोताजा रख सकते हैं और संक्रमण से बच सकते हैं।



### साफ पानी का सेवन करें

गर्मियों में दस्त से बचने के लिए सबसे पहले आपको साफ पानी का सेवन करना चाहिए। पानी पीने से आपके शरीर में नमी बनी रहती है और जहरीले पदार्थ बाहर निकलते हैं। कोशिश करें कि बाहर का पानी न पिएं, क्योंकि उसमें कीटाणु हो सकते हैं। घर का उबला हुआ पानी ही पीएं, ताकि उसमें किसी भी प्रकार के कीटाणु न हों। इसके अलावा नारियल पानी और मट्ठा भी पी सकते हैं, जो पाचन के लिए अच्छे होते हैं।

### ताजे फल और सब्जियों का सेवन बढ़ाएं

ताजे फल और सब्जियां आपके शरीर को जरूरी विटामिन और खनिज प्रदान करती हैं, जो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाते हैं। इनमें मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को सुधारता है और दस्त जैसी समस्याओं से बचाव करता है। खीरा और तरबूज जैसे पानी वाले फल गर्मियों के लिए आदर्श होते हैं, क्योंकि ये शरीर को ठंडक देते हैं और तरोताजा रखते हैं। सब्जियों में पालक, गाजर और टमाटर जैसे पोषक तत्वों से भरपूर सब्जियां शामिल करें।

### हाथों की साफ-सफाई रखें

हाथों की साफ-सफाई रखना गर्मियों में दस्त से बचने का एक अहम तरीका है। खाना खाने से पहले और बाद में अपने हाथों को अच्छे से धोएं। साबुन और पानी का इस्तेमाल करें और कम से कम 20 सेकंड तक हाथों को धोएं। अगर आप बाहर कहीं जा रहे हैं तो हाथ साफ करने वाला सामान अपने पास रखें और उसका इस्तेमाल करें। इससे कीटाणु और गंदगी दूर होती है, जो दस्त का कारण बन सकते हैं।

### पके हुआ खाना खाएं

पके हुए खाने का सेवन करना भी बहुत जरूरी है, क्योंकि कच्चा खाना कीटाणु का कारण बन सकता है। सब्जियां, दालें या कोई भी भोजन अच्छे से पकाकर ही खाएं, ताकि उसमें मौजूद कीटाणु मर जाएं। घर पर खाना बनाते समय साफ-सफाई रखें और कच्चे माल को अच्छी तरह धोकर इस्तेमाल करें। इसके अलावा बाहर खाने से बचें, क्योंकि वहां सफाई का ध्यान नहीं रखा जाता और गंदगी हो सकती है।

### प्रोबायोटिक्स का सेवन करें

प्रोबायोटिक्स ऐसे जीवित कीटाणु होते हैं, जो हमारे पेट के लिए फायदेमंद होते हैं। ये हमारे पाचन क्रिया को सुधारते हुए दस्त जैसी समस्याओं से बचाव करते हैं। दही, मट्ठा या प्रोबायोटिक्स सप्लीमेंट्स का सेवन करें, जो बाजार में आसानी से मिल जाते हैं। इन सभी तरीकों को अपनाकर आप गर्मियों में होने वाले दस्त से बच सकते हैं और स्वस्थ रह सकते हैं। ज्यादा परेशानी होने पर डॉक्टर से परामर्श करें।

# तौलिया खरीदते समय इन 5 बातों का रखें ध्यान, होगा सही चयन



तौलिया एक जरूरी वस्तु है, जिसका उपयोग हम रोजमर्रा में करते हैं। नहाने य [illegible] जरूरतों को पूरा कर सके। स्विमिंग पूल के बाद तौलिया का इस्तेमाल करना आम बात है। हालांकि, क्या आपने कभी सोचा है कि सही तौलिया कैसे चुना जाए? सही तौलिया न केवल आपकी त्वचा को सुखाने में मदद करता है, बल्कि आराम और सुरक्षा भी प्रदान करता है। आइए जानते हैं कि तौलिया खरीदते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

### फैब्रिक का चयन करें

तौलिया खरीदते समय सबसे पहले उसके फैब्रिक पर ध्यान दें। सूती तौलिये सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि वे नर्म, पानी सोखने वाले और टिकाऊ होते हैं। सूती तौलिये त्वचा को आरामदायक महसूस कराते हैं और पानी को अच्छी तरह सोख लेते हैं। इसके अलावा सूती तौलिये जल्दी सूख जाते हैं और उनकी देखभाल करना भी आसान होता है। अगर आप पर्यावरण के प्रति जागरूक हैं तो प्राकृतिक सूती तौलिये भी एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं।

### आकार पर विचार करें

तौलिये का आकार भी महत्वपूर्ण होता है। बाजार में अलग-अलग आकार के तौलिये मिलते हैं, जैसे कि बड़े, छोटे, मध्यम आदि। बड़े तौलिये बिस्तर या पूल के लिए अच्छे होते हैं, जबकि छोटे तौलिये हाथ या चेहरे के लिए उपयुक्त होते हैं। मध्यम आकार के तौलिये सबसे अधिक प्रचलित होते हैं क्योंकि वे सभी प्रकार के उपयोगों के लिए अनुकूल होते हैं। अपने उपयोग के अनुसार सही आकार चुनें ताकि वह आपकी जरूरतों को पूरा कर सके।

### मोटाई का ध्यान रखें

मोटाई भी तौलिये के चयन में अहम भूमिका निभाती है। मोटे तौलिये अधिक पानी सोखते हैं और त्वचा को अच्छी तरह सुखाते हैं। हालांकि, बहुत मोटे तौलिये भारी हो सकते हैं और जल्दी सूखने में मुश्किल होती है। पतले तौलिये हल्के होते हैं और जल्दी सूख जाते हैं, लेकिन उनकी पानी सोखने की क्षमता कम होती है। इसलिए आपको अपनी जरूरत और पसंद के अनुसार मोटाई चुननी चाहिए ताकि वह आरामदायक और सुविधाजनक हो।

### रंग और डिजाइन देखें

तौलिये का रंग और डिजाइन भी महत्वपूर्ण होता है। बाजार में विभिन्न रंगों और डिजाइनों में तौलिये उपलब्ध होते हैं, जिनमें पारंपरिक से लेकर आधुनिक तक शामिल हैं। आप अपनी पसंद और बाथरूम या स्विमिंग पूल की सजावट के अनुसार रंग और डिजाइन चुन सकते हैं। ध्यान रखें कि रंग फीका न पड़े और डिजाइन आकर्षक लगे ताकि आपका तौलिया लंबे समय तक अच्छा दिखे और आपका बाथरूम या स्विमिंग पूल भी सुंदर लगे।

### ब्रांड और गुणवत्ता पर ध्यान दें

ब्रांड और गुणवत्ता पर ध्यान देना भी जरूरी है। प्रसिद्ध ब्रांड आमतौर पर अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करते हैं, जो टिकाऊ होते हैं और लंबे समय तक चलते हैं। स्थानीय ब्रांड सस्ते हो सकते हैं, लेकिन उनकी गुणवत्ता उतनी अच्छी नहीं होती। इसलिए हमेशा अच्छे ब्रांड का चयन करें ताकि आपका तौलिया लंबे समय तक चले और आपकी उम्मीदों पर खरा उतरे। इन सभी बातों का ध्यान रखते हुए आप अपने लिए सही तौलिया चुन सकते हैं।

# अमेरिका-ईरान तनावः डोनाल्ड ट्रंप ने युद्धविराम बढ़ाया, लेकिन नाकेबंदी जारी रहेगी

वाशिंगटन,(आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ जारी युद्धविराम को बढ़ाने का फैसला किया है, लेकिन सैन्य नाकेबंदी जारी रखी है। उन्होंने कहा कि यह कदम पाकिस्तान के नेतृत्व के अनुरोध को देखते हुए उठाया गया है। ट्रंप के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान को बातचीत के लिए समय देने के उद्देश्य से हमले को टाल दिया है। हालांकि, अमेरिकी सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। ट्रंप ने बताया कि यह फैसला पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अपील के बाद लिया गया। दोनों नेताओं ने अमेरिका से सैन्य कार्रवाई रोकने और बातचीत को मौका देने का अनुरोध किया था। शहबाज ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस फैसले का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष युद्धविराम का सम्मान करेंगे और इस्लामाबाद में प्रस्तावित बातचीत के जरिए स्थायी शांति समझौते की दिशा में आगे बढ़ेंगे। ट्रंप ने कहा, पाकिस्तान के फील्ड मार्शल असीम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के अनुरोध पर, ईरान



पर हमले को तब तक रोका गया है, जब तक उनके नेता और प्रतिनिधि एक संयुक्त प्रस्ताव लेकर नहीं आते। इसलिए मैंने अपनी सेना को नाकेबंदी जारी रखने और पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया है। साथ ही, मैं युद्धविराम को तब तक बढ़ा रहा हूं, जब तक उनका प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया जाता और बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच जाती। युद्धविराम बढ़ा दिया गया है, लेकिन अमेरिका ने ईरान के खिलाफ नाकेबंदी जारी रखी है, खासकर होरमुज जलडमरूमध्य के आसपास। इस नाकेबंदी से व्यापार पर असर पड़ा है और यह बातचीत में बड़ी बाधा बनी हुई है। हाल ही में अमेरिका द्वारा एक ईरानी मालवाहक जहाज को जब्त करने की खबर के बाद तनाव और बढ़ गया है। ईरान ने इस कार्रवाई पर जवाबी कदम उठाने की चेतावनी भी दी है। ट्रंप की इस घोषणा ने बाद ईरान ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ट्रंप ने भी युद्धविराम बढ़ाने के लिए कोई तय समयसीमा नहीं बताई है। बता दें कि इससे पहले 8 अप्रैल को ट्रंप ने 2 हफ्ते के युद्धविराम की घोषणा की थी, जो बुधवार, 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला था। सूत्रों ने बताया कि ईरान का आधिकारिक रुख जल्द सामने आएगा।

## ईरान की आईआरजीसी ने होर्मुज जलडमरूमध्य में मालवाहक जहाज पर गोलीबारी की

तेहरान, (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान में युद्धविराम की घोषणा के बाद भी तनाव जारी है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में एक मालवाहक जहाज पर गोलीबारी की, जिससे जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर (यूकेएमटीओ) ने बताया कि यह हमला सुबह करीब 7:55 बजे जलडमरूमध्य में हुआ है। उसके मुताबिक, गार्ड गनबोट ने गोलीबारी करने से पहले जहाज को कोई संकेत नहीं दिया था।

यूकेएमटीओ ने बताया कि गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ है और इसका कोई पर्यावरण असर नहीं दिखा है। अभी ईरान ने हमले की पुष्टि नहीं की है। यह घटना अमेरिका द्वारा पिछले सप्ताहांत में एक ईरानी कंटेनर जहाज पर गोलीबारी करने के बाद उसे जब्त करने और हिंद महासागर में ईरान के तेल व्यापार से जुड़े एक तेल टैंकर पर चढ़ाई के बाद घटी है। आईआरजीसी ने बुधवार को घोषणा की है कि वह होर्मुज को नहीं खोलेंगे।

राष्ट्रपति ट्रंप ने बुधवार को ऐलान किया कि उन्होंने पाकिस्तान के अनुरोध पर युद्धविराम को बढ़ा दिया है, जिसकी समयसीमा 22 अप्रैल को समाप्त हो रही थी। हालांकि, नया युद्धविराम कितने दिन के लिए है, यह जानकारी नहीं दी। उन्होंने होर्मुज में अपनी सेना को नाकाबंदी जारी रखने का निर्देश दिया है और सख्ती बढ़ाने को कहा है। बता दें कि होर्मुज में नाकाबंदी को लेकर ईरान काफी नाराज है और इसे खोलने की मांग कर रहा है।

## शहबाज शरीफ ने ईरान के साथ युद्धविराम बढ़ाने के लिए ट्रंप का शुक्रिया अदा किया

इस्लामाबाद,(आरएनएस)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ईरान के साथ संघर्ष-विराम की अवधि बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त किया. साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक शांति समझौता कर पाने में सफल होंगे।

सीजफायर की समय सीमा खत्म होने से एक दिन पहले मंगलवार को ट्रंप ने पाकिस्तान के नेताओं के कहने पर ईरान के साथ सीजफायर को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया, जबकि शांति वार्ता का एक नया दौर अभी भी रुका हुआ है।

पाकिस्तान ने बातचीत के अगले दौर की मेजबानी करने की योजना बनाई थी, लेकिन जब ईरान ने बातचीत फिर से शुरू करने की कोशिशों को ठुकरा दिया, तो व्हाइट हाउस ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की इस्लामाबाद की प्रस्तावित यात्रा को रद्द कर दिया।

पाकिस्तान ने बातचीत के दूसरे दौर को लेकर बनी अनिश्चितता की वजह से सीजफायर को आगे बढ़ाने की अपील की थी. उम्मीद है कि यह दौर इस हफ्ते के आखिर में होगा. पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने मंगलवार को कहा था कि सीजफायर 22 अप्रैल को सुबह 4:50 बजे पीएसटी पर खत्म होने वाला था।

ट्रंप के सीजफायर को आगे बढ़ाने के ऐलान के बाद प्रधानमंत्री शरीफ ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए अमेरिकी राष्ट्रपति का शुक्रिया अदा किया. शरीफ ने कहा, अपनी ओर से और फ़ील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर की ओर से मैं राष्ट्रपति ट्रंप का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूँ कि उन्होंने हमारी उस गुजारिश को मान लिया जिसमें हमने सीजफ़ायर को आगे बढ़ाने की बात कही थी, ताकि चल रही कूटनीतिक कोशिशें अपना काम कर सकें. पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि हम पर जो भरोसा और विश्वास जताया गया है उसे देखते हुए पाकिस्तान इस झगड़े के बातचीत से हल के लिए अपनी पूरी कोशिशें जारी रखेगा.उन्होंने आगे कहा, मुझे पूरी उम्मीद है कि दोनों पक्ष सीजफ़ायर का पालन करते रहेंगे और इस झगड़े को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए इस्लामाबाद में होने वाली बातचीत के दूसरे दौर में एक पूरी 'शांति संधि' पर पहुँच पाएँगे।

## ईरान की सैन्य क्षमता अब भी मजबूत, पेंटागन की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा; ट्रंप और पीट हेगसेथ के दावों पर उठे सवाल



वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) की खुफिया शाखा की एक नई रिपोर्ट ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हलचल पैदा कर दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालिया संघर्षों के बावजूद ईरान की सैन्य क्षमता अब भी काफी हद तक मजबूत बनी हुई है, जिससे अमेरिकी नेतृत्व के दावों पर सवाल उठने लगे हैं।रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पहले दावा किया था कि हालिया टकराव में ईरान की सैन्य ताकत को भारी नुकसान पहुंचा है।

हालांकि, पेंटागन की खुफिया आकलन रिपोर्ट इन दावों से मेल नहीं खाती और ईरान की सैन्य संरचना को अभी भी प्रभावी बताती है।इस आंतरिक आकलन के बीच ट्रंप ने ईरान के साथ युद्धविराम को आगे बढ़ाने की घोषणा भी की है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय पाकिस्तान के नेतृत्व द्वारा संभावित सैन्य कार्रवाई को टालने की अपील के बाद लिया गया। यह घोषणा युद्धविराम की समय-सीमा समाप्त होने से कुछ घंटे पहले की गई।इस फैसले पर ईरान की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। ईरानी संसद अध्यक्ष के सलाहकार महदी मोहाम्मदी ने अमेरिकी कदम को खारिज करते हुए कहा कि हारने वाला पक्ष शर्तें तय नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी कहा कि युद्धविराम का विस्तार ईरान के लिए कोई मायने नहीं रखता और अमेरिकी घेराबंदी का जवाब सैन्य रूप से दिया जाना चाहिए।

## एफ-15ईएक्स अमेरिका की नई पेशकश, राफेल सोर्स कोड विवाद का उठाना चाहता है फायदा

वॉशिंगटन,(ए.)। भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने अमेरिका के नेवादा के नेलिस एयर फोर्स बेस पर एक बोइंग एफ-15ईएक्स ईगल-2 फाइटर जेट में एक फैमिलियराइजेशन सॉर्टी उड़ान भरी। इसके बाद से ही चर्चा की जा रही है कि क्या भारत राफेल के अलावा अमेरिकी फाइटर जेट में भी दिलचस्पी दिखा रहा है। राफेल सौदा 35 से 40 अरब डॉलर के बीच होने की संभावना है लेकिन सोर्स कोड को लेकर पेंच फंसा है। फ्रांस राफेल का सोर्स कोड शेयर करने से इनकार कर रहा है जबकि भारत हर हाल में मेक इन इंडिया के तहत विमानों का निर्माण चाहता है ताकि किसी और देश पर निर्भरता ना रहे और घरेलू उद्योग को फायदा पहुंचे।

## नेपाल में बालेन शाह के हनीमून पीरियड में ही शुरु हो गया व्यापक जनआक्रोश.....सड़क पर लोग

काठमांडू (ए.)। नेपाल में बालेन शाह की सरकार बनने के मात्र एक माह के भीतर ही व्यापक जनआक्रोश देखने को मिल रहा है। काठमांडू के मेयर से देश के प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे शाह के लिए



सत्ता की शुरुआत काफी चुनौतीपूर्ण साबित हो रही है। दो-तिहाई बहुमत के बावजूद उनकी सरकार को सड़कों से लेकर प्रशासनिक केंद्र 'सिंघा दरबार' तक विरोध का सामना करना पड़ रहा है। जानकार के मुताबिक 6 माह का समय किसी भी सरकार के लिए हनीमून पीरिड होता हैं, लेकिन बोलेन के खिलाफ सड़कों पर उतरा यह जनसैलाब बताता हैं कि वे अपने किए गए वादों पर खरे उतरते नहीं दिख रहे है।इस विरोध का सबसे बड़ा कारण भारत से आने वाले सामान पर लगाया गया नया अनिवार्य सीमा शुल्क है। नेपाल सरकार के फैसले के तहत 100 रुपये से अधिक मूल्य के सामान पर शुल्क लगाया जा रहा है, जिससे खासतौर पर सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग प्रभावित हुए हैं।

# रुसी टीवी एंकर ने इटली की पीएम मेलोनी को मूर्ख, जानवर व फासीवादी कहा

## -इटली सरकार ने की निंदा कहा-पीएम के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी बर्दाश्त नहीं

रोम,(ए)। इटली और रूस के बीच कूटनीतिक तनाव उस समय और बढ़ गया जब रूसी टीवी एंकर व्लादिमीर सोलोवियोव ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। अपने शो में उन्होंने मेलोनी को मूर्ख, जंगली जानवर, मानवता के लिए कलंक और नीच महिला जैसे शब्दों से संबोधित किया। उन्होंने केवल इतना ही नहीं कहा बल्कि रूसी भाषा में मेलोनी को फासीवादी भी बताया और आरोप लगाया कि उन्होंने अपने वोटर्स के साथ-साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को भी धोखा दिया है। इस तरह की व्यक्तिगत और तीखी टिप्पणी ने मामले को और गंभीर



बना दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस बयान के बाद इटली सरकार ने सख्त प्रतिक्रिया दी। इटली के विदेश मंत्री ने बताया कि रोम में तैनात रूस के राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया। वहां इटली की तरफ से इस पूरे मामले पर औपचारिक विरोध दर्ज कराया गया और इस भाषा को बेहद गंभीर और अस्वीकार्य बताया। इटली ने साफ कहा है कि वह अपनी पीएम मेलोनी के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी बर्दाश्त नहीं करेगा। खास बात यह रही कि इस मुद्दे पर इटली की विपक्षी पार्टियां भी सरकार के साथ खड़ी नजर आईं और सभी ने मिलकर इस बयान की निंदा की।दरअसल, इटली और रूस के रिश्ते पहले से ही तनावपूर्ण हैं। इसकी मुख्य वजह यूक्रेन है। इटली की सरकार लगातार यूक्रेन का समर्थन कर रही है और उसे सैन्य व मानवीय मदद भी दे रही है। इससे रुस नाराज है। वहीं मेलोनी की सरकार दक्षिणपंथी विचारधारा वाली है, लेकिन उनके गठबंधन में कुछ ऐसे दल भी हैं जिनके रूस के साथ पुराने संबंध हैं। इसके बावजूद मेलोनी ने यूक्रेन के मुद्दे पर रूस के खिलाफ सख्त रुख अपनाया हुआ है।बता दें हाल में मेलोनी और ट्रंप के बीच भी दूरी देखने को मिली है। पहले दोनों को करीब माना जाता था, लेकिन ईरान युद्ध और कुछ अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर मेलोनी ने ट्रंप के बयानों से अलग रुख अपनाया, जिससे राजनीतिक समीकरण बदलते दिखे।

# खेल समाचार

# IPL 2026: लगातार खराब प्रदर्शन कर रहे 6 कप्तान, बढ़ा दी है अपनी टीमों की मुश्किल

नई दिल्ली (ए.)- इंडियन प्रीमियर लीग का 19वां सीजन (आईपीएल 2026) अपने आधे पड़ाव के करीब आ गया है। अब तक जिन टीमों का प्रदर्शन अच्छा रहा है, उसमें उनके कप्तानों के दमदार प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। उदाहरण के रूप में हम पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को ले सकते हैं। अंकतालिका में दोनों टीमें क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर हैं। हम आपको उन 6 कप्तानों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनके बतौर खिलाड़ी खराब प्रदर्शन की वजह से आईपीएल 2026 में उनकी टीम की स्थिति कमजोर हो गई है। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का सीजन में अब तक अच्छा प्रदर्शन रहा है। टीम अंकतालिका में चौथे स्थान पर है, लेकिन इसमें उनके कप्तान रियान पराग का कोई योगदान बतौर खिलाड़ी नहीं रहा है। पराग 6 मैचों की 6 पारियों में मात्र 61 रन बना पाए हैं। गेंदबाजी में भी उन्होंने कोई कमाल नहीं किया है। 3 पारी में गेंदबाजी करते हुए उन्हें सिर्फ 2 विकेट मिले हैं। वैभव, यशस्वी, जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर की वजह से टीम चौथे स्थान पर बनी हुई है। पराग को फॉर्म में लौटना होगा नहीं तो आगे की राह आरआर के लिए मुश्किल हो सकती है।

दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का प्रदर्शन मिला जुला रहा है। सीजन की शुरुआत में लगातार 2 मैच जीतने के बाद बाद के 4 मैचों में टीम 3 मैच हार चुकी है और अंकतालिका में पांचवें स्थान पर है। टीम के लिए कप्तान



अक्षर पटेल एक खिलाड़ी के लिए निराशाजनक साबित हुए हैं। पटेल ने सीजन के 6 मैचों की 5 पारियों में मात्र 31 रन बनाए हैं, वहीं 6 पारियों में 6 विकेट लिए हैं।

मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पांड्या का बल्ले और गेंद से खराब प्रदर्शन रहा है। हार्दिक ने 5 मैचों की 5 पारियों में 24 की औसत से मात्र 96 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में भी पांड्या असर नहीं दिखा पाए हैं। 5 पारियों में वह मात्र 3 विकेट ले सके हैं। हार्दिक के खराब फॉर्म का असर उनकी टीम के प्रदर्शन पर दिखा है। एमआई 6 मैचों में 2 जीत और 4 हार के साथ अंकतालिका में सातवें स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के लिए भी आईपीएल 2026 बेहद निराशाजनक साबित हुआ है।

गायकवाड़ कप्तान के साथ ही टीम के मुख्य बल्लेबाज हैं और पारी की शुरुआत करते हैं, लेकिन वह 6 मैचों की 6 पारियों में 13.66 की साधारण औसत के साथ सिर्फ 82 रन बना सके हैं। उनकी लगातार असफलता से टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल रही है और परिणाम विपरीत जा रहा है। सीएसके 6 मैचों में 2 जीत और 4 हार के साथ अंकतालिका में फिलहाल आठवें नंबर पर है।आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत ने भी अपनी बल्लेबाजी से निराश किया है। ऋषभ 6 मैचों की 6 पारियों में 147 रन बना सके हैं। इसमें एसआरएच के खिलाफ आई नाबाद 68 रन की पारी शामिल है। इसके अलावा, बाकी के 5 पारियों में वह फ्लॉप रहे हैं। एलएसजी अंकतालिका में 6 मैचों में 2 जीत और 4 हार के साथ नौवें नंबर पर है।कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे के लिए भी सीजन निराशाजनक साबित हो रहा है। दो बार लगातार शून्य पर आउट हो चुके रहाणे पारी की शुरुआत के लिए आते हैं, लेकिन उनका जल्द आउट होना टीम की मुश्किल बढ़ा देता है। कप्तान के तौर पर भी गलत फैसलों के लिए आलोचना का सामना कर रहे रहाणे ने 7 मैचों की 7 पारियों में 152 रन बनाए हैं। केकेआर अंकतालिका में सबसे नीचे (दसवें स्थान पर) है।

## सचिन-लारा नहीं, विराट कोहली की वजह से क्रिकेट देखना शुरु किया, टेनिस स्टार जोकोविच का बड़ा खुलासा

नईदिल्ली,(ए)। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है. सोशल मीडिया पर क्रिकेटरों में सबसे ज्यादा विराट कोहली के ही फॉलोअर्स हैं. खास बात ये है कि विराट को सिर्फ क्रिकेट खेले और देखे जाने वाले देशों में फैंस नहीं है बल्कि उन देशों में भी फैंस हैं जहां क्रिकेट के अलावा दूसरे स्पोर्ट्स खेले जाते हैं।



इसका अंदाजा सर्बिया के महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के हाल ही में दिए गए एक बयान से लगाया जा सकता है. जिसमें उन्होंने विराट कोहली को दोस्त और क्रिकेट को फॉलो करने की एक वजह भी बताया।

जोकोविच ने लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स 2026 के मौके पर कहा, विराट एक दोस्त हैं और जाहिर है, मैं उनका सम्मान और तारीफ करता हूं, सच कहूं तो उन्हीं की वजह से मैं ने क्रिकेट देखना शुरू किया था।

उन्होंने ये भी कहा, जब मैं भारत आऊंगा, तो उम्मीद है कि वह मेरे साथ होंगे. तब हम थोड़ा टेनिस खेलेंगे, थोड़ा क्रिकेट खेलेंगे, मजे करेंगे, लोगों के बीच सकारात्मक और अच्छी भावनाएं फैलाएंगे और खेल का जश्न मनाएंगे।

इस मौके पर जोकोविच ने भारतीय प्रशंसकों से मिलने वाले प्यार और सम्मान पर गहरा आभार भी व्यक्त किया. साथ ये भी कहा कि वो बहुत जल्द भारत का दौरा करने वाले हैं।

## आईपीएल 2026: नितीश राणा ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जड़ा 5वां अर्धशतक, जानिए उनके आंकड़े

नईदिल्ली, (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 31वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स के ऑलराउंडर नितीश राणा ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (57) खेली। यह उनके आईपीएल करियर का 21वां और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 5वां अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने 27 गेंदों में पूरा किया। उनकी इस पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स को शुरुआती झटके के बाद मैच में वापसी करने में मदद मिली। आइए उनकी पारी और आंकड़े जानते हैं।

दिल्ली कैपिटल्स को 243 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 21 रन के स्कोर पर पहला झटका लग गया था। उसके बाद बल्लेबाजी पर आए राणा ने विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल (37) के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 45 गेंदों में 86 रन की अहम साझेदारी निभाई। इस दौरान राणा ने अपना अर्धशतक भी पूरा किया। राणा अपनी पारी में 30 गेंदों में 7 चौके और 3 छक्कों की मदद से 57 रन बनाकर आउट हुए।

राणा ने 2016 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपने आईपीएल करियर का आगाज किया था। वह अब तक आईपीएल में 122 मैच खेले हैं, जिसकी 116 पारियों में 27.38 की औसत और 136.79 की स्ट्राइक रेट से 2,930 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 21 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 87 रन है।

# आईपीएल में आज होगा सीएसके और मुम्बई इंडियंस में मुकाबला




मुम्बई (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग के इस 19 वे सत्र में दो पूर्व चैम्पियनों चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुम्बई इंडियंस के बीच गुरुवार को यहां के वानखेड़े स्टेडियम में मुकाबला होगा। इस सत्र में इन दोनो ही टीमों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में दोनो का ही लक्ष्य ये मैच जीतना रहेगा। मुम्बई की टीम अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी। ऐसे में उसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इस सत्र में दोनो ही टीमों ने अब तक छह में से केवल दो-दो मुकाबले ही जीते है। मुंबई इंडियंस को तीन मैचों में उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा है हालांकि गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले मैच में तिलक वर्मा के शानदार शतक से उसे जीत मिली थी जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। इससे टीम अंक तालिका में 7वें स्थान पर है। वहीं सीएसके 8वें स्थान पर है। मुम्बई की बल्लेबाजी तिलक के अलाव सूर्यकुमार यादव और कप्तान हार्दिक पंड्या पर आधारित रहेगी। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा फिट नहीं होने के कारण इस मैच में भी नहीं खेलेंगे जिससे भी टीम को झटका लगा है। टीम की गेंदबाजी भी इसबार प्रभावी नहीं रही है। मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी इस बार असफल रहे हैं, इससे भी टीम की चिन्ताएं बढ़ी हैं। वहीं सीएसक की बात करें तो उसकी बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी भी अच्छी नहीं रही है हालांकि इस मैच में अनुभवी पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की वापसी की संभावनाओं को लेकर टीम में उत्साह है। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के खराब फार्म से टीम की परेशानी बढ़ी है। अब तक उसकी ओर से केवल संजू सैमसान ने दो अर्धशतक लगा पाये हैं। ऐसे में उनसे इस मैच में भी अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजी की कमान अंशुल कंबोज के पास रहेगी। कंबोल ने इस सत्र में सबसे अधिक 13 विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया है। ऐसे में मुम्बई के बल्लेबाजों को उनसे सावधान रहना होगा। दोनो टीमों के आंकड़ों पर नजर डालें तो इनमें कुल 39 मुकाबले हुए हैं जिसमें से मुम्बई ने 21 मैच जीते हैं, जबकि सीएसके ने 18 जीते हैं। इस प्रकार देखा जाये तो मुकाबला करीबी रहा है। मुम्बई की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल है, ऐसे में यहां बड़े स्कोर बनना तय है।

## डिविलियर्स ने किया था ताजमहल के सामने प्रपोज



जोहांसबर्ग (ए.)। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एबी एबी डिविलियर्स अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण क्रिकेट जगत में छाये रहे हैं। मैदान पर चारों ओर शॉट खेलने के कारण वह मिस्टर 360 के नाम से भी लोकप्रिय रहे हैं। डिविलियर्स ने 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ये कहते हुए संन्यास ले लिया था कि उन्हें अपने परिवार के साथ समय बिताना है। उन्होंने अपने 14 साल के शानदार करियर में सबसे तेज शतक सहित कई रिकार्ड अपने नाम किये हैं। खेल के साथ ही मैदान के बाहर भी अपने अफेयर ओर शादी के लिए वह चर्चाओं में रहे हैं। इस दौरान भारत से भी उनका जुड़ाव इस कारण रहा कि उन्होंने शादी के लिए आगरा के ताजमहल के सामने प्रपोज किया था1 डिविलियर्स की पत्नी डेनियल डिविलियर्स भी एक सफल उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता रही हैं। वह प्रिटोरिया में एक इंडोर प्लेग्राउंड और कैफे चलाती हैं। डेनियल अक्सर चैरिटी के कामों में सक्रिय रहती हैं; आईपीएल 2016 के दौरान उन्होंने बच्चों के लिए धन जुटाने के उद्देश्य से शेन वॉटसन के साथ एक गाना भी गाया था।

## अपने होम ग्राउंड पर हार का अनचाहा रिकॉर्ड बना रहा लखनऊ सुपर जाइंट्स

लखनऊ (उत्तर प्रदेश),(ए)। लखनऊ सुपर जाइंट्स अपनी जमीन पर हार का अनचाहा रिकॉर्ड बना रहा है. भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम पर लगातार हारों की सिलसिला टीम के प्लेऑफ सपनों पर पानी फेर रहा है.2026 आईपीएल सीजन में घरेलू मैदान पर दो मैचों में दो हार के साथ लखनऊ सुपर जाइंट्स अब अपनी सबसे लंबी होम लूजिंग स्ट्रीक का सामना कर रहा है. इकाना स्टेडियम लखनऊ सुपर जाइंट्स का होम ग्राउंड है, लेकिन अब तक इसे मुफीद बनाने में टीम नाकाम रही है.2026 सीजन शुरू होने से पहले यहां 21 मैचों में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने सिर्फ 9 जीते, जबकि 11 हारे और एक मैच नो रिजल्ट रहा. विन प्रतिशत महज 43 प्रतिशत के आसपास रहा. 2025 सीजन में 14 घरेलू मैचों में 7 जीत और 6 हार के साथ 50 प्रतिशत विन रेट रहा, लेकिन कई मैचों में पांच लगातार हार की स्ट्रिक ने प्लेऑफ की राह मुश्किल कर दी थी। 2026 में शुरुआत और खराब रही. 1 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले होम मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स मात्र 141 रन पर ऑलआउट हो गया. दिल्ली ने 6 विकेट से आसान जीत दर्ज की. इसके बाद 12 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के सामने लखनऊ सुपर जाइंट्स ने 164/8 का स्कोर बनाया, लेकिन शुभमन गिल और जोस बटलर की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत जीटी ने 7 विकेट से मैच जीत लिया. इन दो हारों के साथ लखनऊ सुपर जाइंट्स की लगातार घरेलू हारों की संख्या बढ़ गई है. यह लगातार सातवीं होम ग्राउंड की हार है।

# जानबूझकर नष्ट की जा रही शहरी क्षेत्र की हरियाली, किसने और क्यों दी अनुमति

## 18 करोड़ का कंपोजिट कलेक्ट्रर कार्यालय बनने के बाद भी जहां तहां बन रहे हैं दफ्तर








**बलराम शर्मा**

नर्मदापुरम।जिला मुख्यालय पर पूर्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत शहर के बीचोंबीच लगाए गए वर्षों पुराने लगभग दो दर्जन पले पुसे वृक्षों की पृथ्वी दिवस पर बेरहमी से कटाई की गई। एक तरफ तो शासन प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत हरियाली को बचाने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम चलाए जाते हैं जब पौधे बढ़े होकर पेड़ बन जाते हैं हरियाली छा जाती है तब उन्हें आसानी से काटने की अनुमति लापरवाह अधिकारियों के द्वारा दे दी जाती है। ऐसा ही वाक्या बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने स्थित जिला उद्योग एवं व्यापार कार्यालय के सामने वाले हिस्से में एक दूसरा कार्यालय बनाए जाने के लिए वर्षों पूर्व के 20-25 फुट ऊंचे वृक्षों की सघन हरियाली की कटाई कर यहां पर सीमेंट कांक्रीट का भवन बनाए जाने की स्वीकृति देने की मूर्खता न जाने कौन अधिकारी ने की है। करीब 15 से 20 वृक्षों पर आरी चलाकर कटाई कर बड़े बड़े वृक्षों को धराशाही कर दिया गया। कहां गया पर्यावरण संरक्षण अभियान?

### पूर्व में भी काटे गए हैं वृक्ष

इस कार्यालय के पास वृक्ष काटने का मूर्खतापूर्ण कार्य पहली बार ही नहीं हुआ है। पूर्व में भी जब उद्योग विभग के कार्यालय का निर्माण हुआ था तब भी वृक्षों की कटाई हुई थी। उसके बाद अभी हाल ही में कुछ माह पूर्व ही कार्यालय परिसर में जो पहले से जो वृक्ष लगे हुए थे उनको भी काटकर जगह खाली की गई है। वह खाली ही पड़ी हुई है।

### एक ही जगह पर होने चाहिए थे सभी कार्यालय

जिला मुख्यालय पर 18 करोड़ की लागत से कलेक्ट्रेट कार्यालय का निर्माण हुए ज्यादा दिन नहीं हुए हैं। इसे कंपोजिट कलेक्ट्ररी बनाए जाने की योजना बनाई गई थी। नर्मदा और तवा भवन के नाम से विभिन्न कार्यालयों को एक ही स्थान पर लाए जाने की उस समय के अधिकारियों व समझदारों के द्वारा अच्छी पहल हुई थी। इसके बाद भी ध्यान नहीं देने पर अनेक जिला स्तर के कार्यालय यहां वहां बने हुए हैं।

जिन्हें कलेक्ट्रेट में ही लाने के प्रयास होने चाहिए थे। न जाने क्यों योजना बनाने वालों के मन में एक छत के नीचे सभी कार्यालय लाने की पहल पूरी नहीं हो सकी। पर्याप्त जगह होने के बाद भी व्यवस्थित तरीके से कार्यालयों को स्थाई रूप क्यों नहीं दिया जाता? एक कार्यालय रेलवे स्टेशन पर नाप तौल कार्यालय के नाम से बनाने की क्या जरूरत थी। उसे भी कलेक्ट्रेट परिसर में लाया जाना चाहिए था। दूसरा कार्यालय उद्योग एवं व्यापार कार्यालय भी दूर बनाया गया। टीएन सी, नान, विपणन, जिला रोजगार सहित और भी कार्यालय किराये से क्यों चल रहे हैं? इन कार्यालयों को कलेक्ट्रेट कार्यालय में क्यों नहीं लाया गया? अब और एक दूसरे कार्यालय के लिए बड़े बड़े वृक्षों की बली लेकर हरियाली नष्ट कर वहां पर भवन बनाने की योजना को मूर्तरूप दिया जा रहा है। ऐसे लोगों से शासन को सवाल जबाव तो करना ही चाहिए साथ ही कड़ी कार्रवाई भी की जानी चाहिए। जिससे अन्य जबावदार अनुमति देने से पूर्व सोचने पर मजबूर हो जाएं।

# फूहड़ फिजूल खर्ची को किनारा कर सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन में थामा हाथ

## 48 नवयुगल जोड़े जीवन भर के लिए एक दूसरे के हुए



नर्मदापुरम। बनखेड़ी। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बनखेड़ी तहसील के ग्राम महगवा में किरार समाज नर्मदापुरम का 31 वां सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। महाआयोजन में 48 जोड़ों ने वैदिक विधि.विधान से परिणय सूत्र में बंधकर एक दूजे के हुए । सभी जोड़ो ने फूहड़ तामझाम को किनारा करते हुए सामूहिक आदर्श विवाह सम्मलेन महगवा से शादी रचाकर फिजूल खर्ची रोक समय और ईधन बचत के साथ सामाजिक एकता सदभाव मेलमिलाप का सन्देश दिया। किरार समाज व्यापारी प्रकोष्ठ ने नव युगल 48 जोड़ो को फलदार पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। ज्ञात हो कि वर्ष 2024 से ग्राम करपा वाले स्व रविशंकर पटेल एवं ठेनी ग्राम के स्व हेमराज सिंह पटेल के बाद सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन को अनवरत जारी रखने महगवा ग्राम के प्रणवीर सिंह चौधरी की महती भूमिका है। अभी तक कुल 1204 से अधिक जोड़े परिणय सूत्र में बंधे कुल मिलाकर 2408 वर बधु दोनों पक्ष ने सामूहिक आदर्श विवाह में समाज को एक मंच पर एकत्रित करते हुए सादगी फिजूल खर्ची रोकने का सन्देश दिया। ग्राम महगवा में करीब 30 से 40 एकड़ कृषि भूमि पर आयोजित इस सम्मेलन के लिए एक से 48 तक विशेष मंडप सजाए गए थे।

कार्यक्रम में वर.वधू के रिश्तेदार और परिचितों सहित लगभग 50 हजार लोग शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने के लिए मुख्य ग्राम इकाई महगवा के आदर्श विवाह सम्मलेन यज्ञ में अपने श्रम की आहुति देने विशेष सहयोग वास्ते ग्राम पचुआ, सेमरी, करपा, उमरधा चादौनए चारगाव, कपूरी, तिन्सरी राजथरी बनखेड़ी पुनौर चिल्लोद महुआखेड़ा कुडारी बनियाखेड़ी खापरखेड़ा महलवाडा सिवनी माथनी और आसपास के सामाजिक सैकड़ो कार्यकर्ताओं की टीम ने अपने हाथों से व्यवस्था की कमान संभाली। मातृशक्ति ने भोजन व्यवस्था का दायित्व भी बखूबी निभाया।

### शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल आशीर्वाद दिया

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने समाज की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह न केवल सादगीपूर्ण जीवन का उदाहरण हैं। बल्कि सामाजिक एकता और फिजूल खर्ची पर प्रभावी रोक लगाने का माध्यम है। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि सामाजिक गंगा में विकास को गति देने वह तमाम कार्यकर्ता हैं जो अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन करने अपने खून का पसीना बहा रहे हैं। सम्मेलन के पुण्य कार्य की तमाम व्यवस्था जुटाने वे धरातल पर सक्रिय हैं। जिनकी वजह से है सम्मेलन शिखर तक पहुंचा हैं। जो यहां मंच के समय भले ही नहीं है अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं उन्हें मैं प्रणाम करता हूं। सांसद ने नवयुवक जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में किरार दर्पण स्मारिका का विमोचन समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात कुमार चौधरी सांसद दर्शन चौधरी महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सिंह सूर्यवंशी, जिला अध्यक्ष भागवत पटेल ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज पटेल किरार दर्पण स्मारिका के संपादक नीतिराज पटेल, सहसंपादक वरिष्ठ पत्रकार कमलेश चौधरी एवं पत्रकार हेमंत पटेल, पूर्व विधायक भाजपा हरिशंकर जायसवाल पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सम्पत मूदड़ा संगीता पटेल गीता चौधरी आदि ने किया। समाजसेवी मेहरबान पटेल, जिला कोषाध्यक्ष प्रणवीर चौधरी, चंद्रभान चौधरी, महेंद्र सिंह चौधरी, आधार सिंह चौधरी, रामाधार सिंह चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज पटेल, नवयुवक मंडल अध्यक्ष श्रीमंत पटेल ब्रजेश पटेल ज्ञानेंद्र पटेल, मनीष पटेल उमरधा राजेंद्र पटेल जवाहर सिंह चौधरी रामेश्वर पटेल वरिष्ठ पत्रकार कमलेश चौधरी राजू पररसिया लालसाहब पटेल भूपेंद्र पटेलबहादुर सिंह चौधरी पदम सिंह पटेल दुर्गेश पटेल यसवंत चौधरी अरविन्द बड़कुर, जितेंद्र चौधरी निर्मल चौधरी प्रवीण चौधरी सुशील चौधरी तुलसीराम पटेल पूर्व सचिव अरविन्द पटेल कमलेश पटेल बनियाखेड़ी राजेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

# भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्योत्सव आज

## गर्मी के कारण शोभायात्रा को किया निरस्त



नर्मदापुरम (निप्र)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्यभारत नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने सभी समाजजनों एवं शहर के सभी नागरिकों से अपील करते हुए अत्यंत हर्ष के साथ आप सभी को सूचित किया जाता है कि हमारे आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्योत्सव कार्यक्रम श्री चित्रगुप्त मंदिर कोठी बाजार मेंआयोजित किया जा रहा है जिसमें आप सभी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा सर्वप्रथम भगवान श्री चित्रगुप्त जी का अभिषेक पूजन हवन आरती प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगी। इसके बाद भगवान श्री चित्रगुप्त जी की सामूहिक महा आरती रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगी फिर भजन मंडली के द्वारा रात्रि 8.30 बजे से सुमधुर भजनों की प्रस्तुति की जाएगी । अंत में प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

अत्यधिक गर्मी को देखते हुए इस वर्ष शोभा यात्रा का आयोजन कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार निरस्त किया जा रहा है । कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन राजीव खरे प्रांतीय सचिव पूर्व व्याख्याता शिव कुमार श्रीवास्तव जयवाला निगम महिला समाजसेवीका अशोक श्रीवास्तव जिला महामंत्री पवन सक्सेना जिला उपाध्यक्ष अजय निगम जिला कोषाध्यक्ष राजेश कुलश्रेष्ठ महासचिव मुकेश कानूनगो जिला कार्यालय सचिव श्रीमती लता सक्सेना जिला महिला अध्यक्ष सजेंद्र श्रीवास्तव जिला मीडिया प्रभारी भानु श्रीवास्तव जिला युवा अध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव युवा जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा खरे जिला उपाध्यक्ष महिलाश्रीमती मीनाक्षी निगम जिला महामंत्री महिला राहुल राय युवा जिला महासचिव श्रीमती सीमा कुलश्रेष्ठ नगर अध्यक्ष महिला डॉक्टर दिनेश श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष युवा आशुतोष श्रीवास्तव नगर युवा उपाध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव सुरेश सक्सेना सी एस श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव विजय प्रकाश श्रीवास्तव डॉ गौरव वर्मा संजय श्रीवास्तव सौरभ सक्सेना सचिव रुचि सक्सैना सपना श्रीवास्तव रक्षा श्रीवास्तव विनीता कानूनगो कृष्ण श्रीवास्तव अनुपम श्रीवास्तव अल्पना श्रीवास्तव जय श्री निगम संजीव सक्सेना मोहित श्रीवास्तव बलराम श्रीवास्तव अनुज श्रीवास्तव संतोष श्रीवास्तव आशीष श्रीवास्तव शरद श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव आलोक श्रीवास्तव बृजेश श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, सुलेखा श्रीवास्तव, सोनू श्रीवास्तव, जय श्री श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव नेहा श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, अनुराग सक्सैना, अतुल श्रीवास्तव, भगवान दास श्रीवास्तव, रमा श्रीवास्तव कल्पना श्रीवास्तव, रविन्द्र श्रीवास्तव, निधि श्रीवास्तव, मृदुला वर्मा, अनुज श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव पलक श्रीवास्तव ममता श्रीवास्तव ख्याति सक्सेना रश्मि कुलश्रेष्ठ आलोक कुलश्रेष्ठ गणेश श्रीवास्तव प्रिया श्रीवास्तव वीरेंद्र श्रीवास्तव प्रकाश खरे आदि ने की।

# 37 दिन पहले ही नर्मदापुरम जिले ने शत प्रतिशत पूर्ण किया एचपीवी वैक्सीनेशन

नर्मदापुरम (निप्र)। स्वास्थ्य क्षेत्र में जिला नर्मदापुरम ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर प्रदेश स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया है। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान के तहत जिले में कुल 11,098 बालिकाओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 28 फरवरी से प्रारंभ किए गए इस अभियान को जिला प्रशासन ने मिशन मोड में संचालित किया। कलेक्टर सोमेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिदिन ब्लॉक स्तर पर समीक्षा कर मैदानी अमले के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया गया।

# भीषण गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग की लू व हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए सतर्क रहने की अपील



नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। तेज धूप और झुलसाने वाली लू के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है तथा लोग दिन के समय घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। पिछले 10 दिनों से जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है, वहीं रात्रि का तापमान भी 20 डिग्री के पार पहुंच गया है। ऐसी स्थिति को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत द्वारा स्वास्थ्य एडवायजरी जारी कर नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है, जिसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। एपिडेमियोलॉजिस्ट राजेंद्र चौहान के अनुसार जब शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, तो यह हीट स्ट्रोक की स्थिति होती है।

# पृथ्वी को बेहतर बनाने का संकल्प के साथ मनाया पृथ्वी दिवस

## सभी को मिलकर पृथ्वी को आनेवाली पीढ़ी के लिए और बेहतर बनाना होगा- डॉ आशीष चटर्जी




नर्मदापुरम (निप्र)। इसी प्रेरणादायक संदेश के साथ ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में पृथ्वी दिवस का आयोजन अत्यंत जीवंत और उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रामायण हॉल में आयोजित प्रार्थना सभा से हुई जहाँ बच्चों ने नर्मदाष्टक का सामूहिक पाठ किया। इसके पश्चात एक आकर्षक एक्शन सॉन्ग प्रस्तुत किया गयाए जिसने बच्चों को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया।एक विशेष गतिविधि में बच्चों को बायोडिग्रेडेबल और नॉन.बायोडिग्रेडेबल वस्तुओं के बारे में समझाया गया। इस गतिविधि में बच्चों ने प्रतीकात्मक रूप से पृथ्वी को साफ करते हुए प्लास्टिक और कचरे को हटाकर उसकी जगह पौधे फूल और पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं को सजायाए जिससे पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संदेश दिया गया।इसके बाद फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता ने सभी का ध्यान आकर्षित किया जहाँ बच्चे पृथ्वीए फल फूल और प्रकृति के विभिन्न रूपों में सजे नजर आए। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से पृथ्वी को बचाने पेड़ों की रक्षा करने और प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान एक शिक्षाप्रद वीडियो भी दिखाया गया, जिसमें ग्लोबल वार्मिंगए वनों की कटाईए प्रदूषण और ऊर्जा संरक्षण जैसे विषयों को सरल तरीके से समझाया गया। वीडियो के बाद बच्चों ने अपने विचार साझा किए और पर्यावरण बचाने की आवश्यकता को महसूस किया।कुछ बच्चों ने मंच पर आकर प्रेरणादायक नारे प्रस्तुत किएए जिससे पूरे वातावरण में जागरूकता का संदेश गूंज उठा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी ने मैं जमूरा तू मदारी नाटक के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण संरक्षण ऊर्जा बचत और पृथ्वी के महत्व को सरल और रोचक अंदाज में समझाया। उनकी कहानी ने बच्चों को गहराई से प्रभावित किया।अंत में प्राचार्य ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलवाया ताकि वे पृथ्वी को स्वच्छ, हरित और सुरक्षित बनाए रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने जल और बिजली की बचत प्लास्टिक से दूरी और रिड्यूस रीयूस रिसायकल के सिद्धांतों को अपनाने का वादा किया।

कार्यक्रम के समापन पर बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से श्सेव अर्थश् नमक लंबे पोस्टर में सामूहिक रूप से रंग भरकर उत्तम संदेश प्रस्तुत किया।इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती जूही चटर्जी एवं प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री मनीषा तोमर द्वारा किया गया। यह आयोजन बच्चों के लिए न केवल आनंददायक रहा, बल्कि उनके भीतर प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का भाव भी जागृत कर गया।

# कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने किया सेठानी घाट क्षेत्र का निरीक्षण

### साफ-सफाई, पार्किंग व उचित यातायात प्रबंधन के दिए निर्देश



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा नर्मदापुरम के प्रसिद्ध सेठानी घाट एवं आसपास के क्षेत्रों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाट क्षेत्र में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) को निर्देशित किया कि घाट क्षेत्र में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने घाट पहुंच मार्ग एवं घाटों पर भिक्षावृत्ति की प्रवृत्ति को समाप्त करने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए की घाटों पर सुगमता से पहुंच के लिए बाजार क्षेत्र में बेहतर यातायात प्रबंधन लागू किए जाने के लिए प्लानिंग करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने घाट पहुंच मार्ग पर सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने तथा आवारा पशुओं को गौशाला अथवा कांजी हाउस में स्थानांतरित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि घाट क्षेत्र के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित कर व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सेठानी घाट से लेकर मोरछली चौक तक पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मार्ग पर संचालित दुकानों को व्यवस्थित रूप से संचालित कराने के निर्देश दिए, ताकि यातायात में बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने निर्देशित किया कि यातायात प्रबंधन के लिए घाट पहुंच मार्ग के समीप प्रमुख चौराहे पर यातायात पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। साथ ही उन्होंने मुख्य मार्गों पर रोको-टोको हेलमेट अभियान प्रारंभ करने के भी निर्देश दिए।

# केंद्रीय जेल में बंद महिलाओं के लिए 15 दिवसीय मेहंदी प्रशिक्षण शुरु

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम में मिशन शक्ति के अंतर्गत हब फार एम्पावरमेंट आफ वुमन योजना के तहत केंद्रीय जेल में बंद महिलाओं के लिए 15 दिवसीय मेहंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार, 22 अप्रैल 2026 को किया गया। कार्यक्रम 6 मई तक चलेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त संचालक श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी ने महिलाओं को प्रशिक्षण का महत्व, उसकी उपयोगिता और रोजगार के अवसरों की विस्तार से जानकारी दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया ने विभाग की योजनाओं, महिला सशक्तिकरण और नारी शक्ति वंदन अभियान के बारे में बताया। जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी ने स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों और जेल में संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन वन स्टाप सेंटर प्रशासक प्रतिभा बाजपेयी ने किया। सहायक अधीक्षक हितेश बंडिया ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर जेल उप अधीक्षक प्रहलाद सिंह बरखडे, ब्यूटीशियन नीलिमा बाथरे, परामर्शदात्री भागवती बिष्ट, केसवर्कर पूजा खरवार उपस्थित रहीं।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com